सूर्योदय 6:18 सूर्यास्त 6:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.6 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 7.0 न्यू | 27.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78017.19 |
| निफ्टी | 23668.65 |
| सोना | 89,290 |
| चांदी | 1,01,958 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मेरी कहानी में ऐसा ही होगा, आदत बना लो: अक्षर पटेल

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 26 मार्च 2025 | 13 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 86, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

आज का मैच

राजस्थान रॉयल्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समयः रात 7:30 बजे (गुवाहाटी)

# आईजीएमसी और टांडा में स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार : सीएम

## बोले- एक साल के अंदर टांडा मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंस डॉक्टर के पद होंगे सृजित

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला



विधायक रघुवीर बाली के सवाल पर दिया जवाब

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित मुद्दे उठाए गए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन को जानकारी दी कि प्रदेश के दो मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार जल्द होगा। आईजीएमसी और टांडा मेडिकल कॉलेज को पहले चरण में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत लाया जा रहा है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकें। नगरोटा बगवां से कांग्रेस विधायक रघुवीर सिंह बाली के सवाल के जवाब में सीएम सुक्खू ने बताया कि अगले एक साल के अंदर आईजीएमसी और टांडा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। टांडा मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टरों के पद भी सृजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### छोटे संस्थानों की बेहतरी के लिए नहीं उठाए जा रहे कदम : जनकराज

**भाजपा** के भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनकराज ने चर्चा में भाग लेते हुए सुक्खू सरकार के बजट को बड़े शहरों और बड़े संस्थानों वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि छोटे संस्थानों की बेहतरी के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। प्रदेश के अस्पतालों में जितने जरूरी डॉक्टर हैं, उतना ही जरूरी दूसरा स्टाफ मौजूद है, जिसे भरने के लिए सरकार के पास कोई भी ठोस योजना नहीं है।

### नालागढ़ में खनन लीज से संबंधित जानकारी छिपाई जा रही : जयराम




**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने खनन की लीज से संबंधित मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नालागढ़ में खनन लीज पर सरकार की तरफ से जो जानकारी दी गई है, वह सही नहीं है। सही जानकारी को छिपाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी में ऐसे लोग हैं, जिनको 600 बीघा जमीन लीज पर दी है। विधानसभा सदन में जो सूचना दी जा रही है, वह वास्तविक तथ्य से परे है। इस जानकारी को अविलंब ठीक किया जाना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो तथ्य सदन के ध्यान में लाए हैं, वह उसको रिकॉर्ड में देखेंगे।

### शर्तें न मानने पर बिजली प्रोजेक्ट वापस लेगी सरकार

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि सरकार की शर्तें नहीं मानने वाले हाईडल प्रोजेक्टों को वापस लेगी। राज्य की पूर्व सरकारों ने एनएचपीसी को 12 फीसदी रॉयल्टी की शर्त पर हमेशा के लिए प्रोजेक्ट दिए हैं, जो गलत है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एनएचपीसी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को स्पष्ट कर दिया है कि एनएचपीसी 12, 18 और 30 प्रतिशत रॉयल्टी तथा 40 साल बाद प्रोजेक्ट को प्रदेश सरकार को वापस करने की शर्त को यदि नहीं मानती है, उसे आवंटित सभी प्रोजेक्ट वापस ले लिए जाएंगे। विधायक नीरज नैय्यर के सवाल के जवाब में सीएम कहा कि कि प्रदेश पूर्व में स्थापित हाईडल प्रोजेक्टों में हजारों बीघा सरप्लस जमीन है और इसे वापस हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार ने लड़ाई शुरू कर दी है। इनमें एनएचपीसी और बीबीएमबी के प्रोजेक्ट शामिल हैं। वहीं, चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा ने एंबुलेंस ड्राइवर के वेतन बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि प्रेश सरकार ने वेतन बढ़ाने के लिए बजट में कोई चर्चा नहीं की है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप सिंह ने कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे पर विफल सरकार करार दिया। भाजपा के नाचन विधानसभा क्षेत्र से विधायक विनोद कुमार ने पीईटी स्कैन मशीनों का मुद्दा उठाया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सांसद राशिद की याचिका पर सुरक्षित रखा फैसला



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के बारामूला लोकसभा क्षेत्र से सांसद अब्दुल राशिद शेख की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में संसद के चालू सत्र में भाग लेने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह की पीठ ने कुछ शर्तों पर विचार-विमर्श किया, जो याचिका स्वीकार होने की स्थिति में राशिद पर लगाई जा सकती हैं।

### न्यूजीलैंड में लगे भूकंप के झटके, 6.8 रही तीव्रता



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के दक्षिण द्वीप के निचले हिस्से में लोगों ने भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई। न्यूजीलैंड की आपदा एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र द्वीप के उत्तर-पश्चिम में लगभग 160 किलोमीटर दूर धरती से 33 किलोमीटर की गहराई पर रहा। वहीं, नेशनल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने साउथलैंड और फियोर्डलैंड क्षेत्रों के लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने की सलाह दी है।

### जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विरोध के बावजूद मंगलवार को एक संशोधन विधेयक के जरिए राज्य को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दे दिया गया। सदन में विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह एक वास्तविकता है कि जम्मू-कश्मीर एक केंद्र शासित प्रदेश है। विरोध करने के बाद विधेयक को एनसी, कांग्रेस और उनके सहयोगियों के समर्थन से ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### सुरेंद्र कोली के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई तीन को

**नई दिल्ली।** निठारी हत्याकांड मामले में आरोपी सुरेंद्र कोली को इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से बरी किए जाने के खिलाफ दायर सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट तीन अप्रैल को सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने सीबीआई की ओर से दायर याचिकाओं को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- एमओयू तो साइन, लेकिन कहां पर लगाएं एमआरआई की मशीन? -पेज 2
- हिमाचल के 16 स्कूलों में हिंदी शिक्षकों के पद नहीं -पेज 3
- पुलिस ने गोली चलाने वाला शूटर किया गिरफ्तार -पेज 6
- कश्मीर में अलगाववाद बन चुका इतिहासः शाह -पेज 13
- खुद को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं महेंद्र सिंह धोनी -पेज 14

# सुप्रीम कोर्ट की टीम ने की जस्टिस वर्मा के घर में जांच

## स्टोर रूम गई, जहां अधजले नोटों से भरी मिली थीं बोरियां



एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली के 30, तुगलक क्रिसेंट स्थित आवास पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित 3 सदस्यीय टीम (इन हाउस पैनल) जांच के लिए पहुंची।

टीम उस स्टोर रूम में गई, जहां 500-500 रुपए के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं। टीम जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी। जांच टीम में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। इससे पहले 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके पैरेंट कोर्ट (इलाहाबाद हाईकोर्ट) वापस ट्रांसफर करने की सिफारिश का प्रस्ताव जारी किया था। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा कि 20 और 24 मार्च, 2025 को हुई बैठकों में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश की है। वहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के इस फैसले पर आपत्ति जताई है। बार एसोसिएशन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

### धनखड़ की नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक

**जस्टिस** यशवंत वर्मा के घर जले हुए नोट मिलने के बाद राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सर्वदलीय बैठक की। सभापति के साथ हुई यह बैठक करीब एक घंटे तक चली। उन्होंने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। हालांकि, बैठक में कोई नतीजा नहीं निकल सका। अब जल्द ही एक और बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें आगे क्या करना है, उस पर चर्चा होगी।

# शाह से मिला आपदा राहत राशि जारी करने का आश्वासन: सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

बोले- केंद्रीय गृह मंत्री से कई मुद्दों पर हुई है चर्चा

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हाल ही में नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंटकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की है।

उन्होंने गृह मंत्री से वर्ष 2023-2024 में प्राकृतिक आपदा के एवज में 9042 करोड़ रुपए की पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट को शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द इस बारे में कार्रवाई करेंगे और आपदा राहत राशि को जारी किया जाएगा।

### ड्रग्स से निपटने को लाया जा रहा एक्ट

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि ड्रग्स के बारे में शाह से चर्चा की है। केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया है कि प्रदेश में ड्रग्स के मामलों में 30 प्रतिशत कमी आई है। इससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विधानसभा में एक एक्ट भी लाया जा रहा है।

### प्रदेश कांग्रेस संगठन की घोषणा जल्द

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल पार्टी के नेताओं से चर्चा कर कांग्रेस पार्टी हाईकमान के अनुमोदन से शीघ्र ही प्रदेश पार्टी संगठन की घोषणा करेंगी। उन्होंने कहा कि शिमला एयरपोर्ट पर विमान में आई तकनीकी खराबी के बारे में वह केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री से बातचीत करेंगे।

### छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षाबलों को नक्सल रोधी अभियान के लिए रवाना किया गया।

अभियान के दौरान मंगलवार सुबह आठ बजे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से तीन नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अभी भी मुठभेड़ जारी है। सर्च ऑपरेशन तेज किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरी इलाके को घेर लिया है।

# बैसाखियों के सहारे विधानसभा पहुंचे बंबर, बोले- जान को खतरा, सीएम से सुरक्षा बढ़ाने की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**बिलासपुर** के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर जानलेवा हमले के बाद मंगलवार को आईजीएमसी से छुट्टी मिलने के बाद बैसाखियों के सहारे विधानसभा पहुंचे। वह सीएम सुखविंद्र सुक्खू से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपकर अपनी व परिवार की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।

बंबर ने गोलीकांड में शामिल शूटरों के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के बेटे के साथ फोटो साझा किए और साजिश के तहत उन पर हमला करने का आरोप लगाया।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई और दूसरे दिन हमला :** बंबर ठाकुर ने कहा कि उन्होंने एम्स में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई, जिसके दूसरे दिन ही उन पर हमला हो गया। पहले भी उनके खिलाफ चुनाव हराने के अलावा जान से मारने की कोशिश हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शूटरों की फोटो जेपी नड्डा के बेटे हरीश नड्डा और भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल के साथ है, उनका उनसे क्या संबंध है। मेरी इन शूटरों से कोई दुश्मनी नहीं हैं, लेकिन मैं जीतकर विधानसभा न पहुंच सकूं, इसलिए मुझे जान से मारने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने अभी तक ठीक जांच की है, लेकिन अभी भी मुझे और मेरे परिवार को खतरा है।



### गोलीकांड गैंगवार का नतीजा : त्रिलोक जम्वाल

**पूर्व** विधायक बंबर ठाकुर के आरोपों का जवाब देते हुए बिलासपुर से भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सदर विधानसभा में हुआ गोलीकांड जिले में सक्रिय गैंगवार का नतीजा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि जांच की जिम्मेदारी हाईकोर्ट के न्यायाधीश को दी जानी चाहिए।

### एक मई से एटीएम से पैसा निकालना होगा महंगा

**नई दिल्ली।** एक मई से एटीएम से पैसा निकालने पर अब आपको ज्यादा चार्ज देना होगा। आरबीआई ने नोटिफिकेशन जारी कर इंटरचेंज फीस बढ़ाने का ऐलान किया है, जो ग्राहक फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के लिए एटीएम पर निर्भर हैं, उन्हें अपनी फ्री ट्रांजेक्शन लिमिट पार करने पर एडिशनल चार्ज देना होगा। एटीएम से कैश निकालने पर अब 19 रुपए चार्ज देना होगा। ग्राहकों को फ्री लिमिट पूरी हो जाने के बाद एटीएम से हर फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के लिए एडिशनल 2 रुपए का भुगतान करना होगा। इस फीस हाइक की वजह से अब एटीएम से कैश निकालने के लिए हर ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए चार्ज देना होगा, जो पहले 17 रुपए था।

# मंडी गोलीकांड में दो भाई किए गिरफ्तार

## उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं आरोपी, हथियार भी बरामद

अनंत ज्ञान, मंडी

उपमंडल बल्ह में किराए के कमरे में रहते हैं आरोपी

**मंडी** के पुलघराट में हुए गोलीकांड को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपी मंडी जिले के उपमंडल बल्ह के गांव डांगू डाकघर रत्ती में किराए के कमरे में रहते हैं और मंडी में एल्युमीनियम फिटर के तौर पर काम करते हैं। पुलिस ने आरोपियों से गोलीकांड में प्रयोग में लाए गए हथियार को भी बरामद कर लिया है और अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद अजमल (25) पुत्र मोहम्मद असलम निवासी मकान नंबर 260, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी और आजम (19) पुत्र मोहम्मद असलम निवासी मकान नंबर 260, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी के तौर पर हुई है। दोनों आरोपी भाई हैं। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। गौतलब है कि 21-22 मार्च की मध्यरात्रि को मंडी सदर के पुल घराट पर एक ढाबा संचालक पर आरोपियों ने गोली दाग कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एलआर) की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। इसके अलावा मामले की जांच को चार टीमें गठित की गई थीं। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से फुटेज और मौके से इकट्ठा किए डाटा के आधार पर दो आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया है।

मंडी में एल्युमीनियम फिटर के तौर पर करते हैं काम

### 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को एक 'राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर गठित संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। समिति का कार्यकाल संसद के मानसून सत्र के अंतिम हफ्ते के पहले दिन तक रहेगा। संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने समिति के कार्यकाल में विस्तार का प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया, जिसे ध्वनिमत से मंजूर कर लिया गया। लोकसभा के महासचिव ने सदन को बताया कि राज्यसभा से एक नए सदस्य को भी संसदीय समिति में जगह दी गई है। 39 सदस्यीय समिति में वाईएसआर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद वी विजयसाई रेड्डी के इस्तीफे के बाद एक पद खाली था।

# लोकसभा से 35 संशोधनों के साथ वित्त विधेयक पास

एजेंसी, नई दिल्ली

**लोकसभा** से मंगलवार को वित्त विधेयक 35 संशोधनों के साथ पास हो गया। बिल पर 24 मार्च को बहस शुरू हुई थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने लोगों की आशाओं और 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के लिए काम करने की कोशिश की है।

इससे पहले तृणमूल कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। सांसदों ने केंद्र पर पश्चिम बंगाल को मनरेगा के लिए मिलने वाला फंड रोकने का आरोप लगा रहे थे। इस दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कृषि मंत्री शिवराज चौहान को दलाल कहा। बनर्जी ने कहा- शिवराज बंगालियों के खिलाफ हैं। वे गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रहे। शिवराज अमीरों के दलाल हैं।

उन्होंने मध्य प्रदेश के गरीबों के लिए काम नहीं किया इसलिए सीएम पद से हटा दिए गए। उधर, कांग्रेस ने लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। पार्टी ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर गलत बयान देकर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया।

**कवायद** शहर के साथ बढ़ेगी वार्डों की संख्या, नगर निगम में ही बन सकता है शहरी विधानसभा क्षेत्र

# नगर निगम से बदल जाएगा ऊना शहर का नक्शा

राजेश शर्मा, ऊना

अनंत ज्ञान स्पैशल

**नगर** निगम की वार्डबंदी करने के लिए प्रबंधन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। शहर का अब विस्तार होने लगा है। प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने संकरे शहर से पलायन करके आसपास के खुले इलाकों का रुख किया है। शहर का एरिया बढ़ने की संभावना से जमीन के दाम की उछलने लगे हैं। ऊना शहर की नगर निगम में नगर परिषद क्षेत्र के अलावा शहर के साथ लगती 14 पंचायतों को भी शामिल किया जा रहा है। इसको लेकर पंचायत क्षेत्र के प्रतिनिधियों से भी सुझाव मांगे जा रहे हैं। हालांकि, पंचायत सचिवों से पहले ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मांग लिए गए थे। संभावना है कि नगर निगम एरिया के विस्तारीकरण में अलग से शहरी विधानसभा चुनाव क्षेत्र प्रस्तावित कर दिया जाए। ऐसी कई अटकलों का दौर भी चल रहा है। पंचायत क्षेत्र को नगर निगम में शामिल करने पर किस प्रकार से विकसित करना है, जिसके लिए लोगों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। इन सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए ही नगर निगम अपनी आगामी प्रक्रिया को शुरू करेगा। वर्तमान में नगर निगम प्रबंधन की ओर से स्वच्छता को लेकर सभी वार्डों में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही पंचायत क्षेत्र में भी साफ-सफाई व डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन की सुविधा किस प्रकार से शुरू करनी है, जिसको लेकर भी रणनीति तैयार की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### विकास में आएगी तेजी और सुविधाओं में होगा इजाफा

**शहर** में जिन क्षेत्रों में रास्तों की खस्ताहालत और अन्य समस्याएं हैं, उसे भी ध्यान में रखकर आगामी रणनीति बनाई जा रही है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अभी चार से पांच माह तक का समय लगेगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही नगर निगम चुनावों को लेकर कदमताल शुरू होगी। सुक्खू सरकार ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के गृह जिले को नगर निगम और नगर पंचायत का दर्जा दिया है। इससे आने वाले दिनों में जहां विकास की गति तेज होगी और लोगों की सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

### इन पंचायतों को किया है शामिल

**नगर** निगम के लिए आवश्यक 40 हजार की आबादी की शर्त को पूरा करने के लिए नगर परिषद ऊना के साथ आसपास की 14 पंचायतों को शामिल किया गया। नगर निगम में रायंसरी, झलेड़ा, लालसिंगी, रामपुर, कुठार कलां, कुठार खुर्द, अरनियाला लोअर, अरनियाला अप्पर, कोटला कलां लोअर, कोटला कलां अप्पर, अजनोली, कोटला खुर्द, मलाहत व जलग्रां टब्बा ग्राम पंचायतों को शामिल किया है।

**पंचायतों ने रखीं कई शर्तें :** नगर निगम में शामिल होने के लिए विभिन्न पंचायतों ने कई शर्तें भी रखी हैं। नगर निगम में समाहित होने के लिए कुछ ग्राम पंचायतों ने सशर्त सहमति दी है। नगर निगम आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर का कहना है कि निगम क्षेत्र के बेहतर प्रबंधन को लेकर प्रक्रिया जारी है। शहरी क्षेत्रों व साथ लगते पंचायती क्षेत्रों एक साथ जोड़ कर किस प्रकार से नए वार्ड बनाए जाने हैं, इसे लेकर प्रारंभिक प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने लगाई पाक को लताड़ जेएंडके के हिस्से से अवैध कब्जा खाली करे

## कहा- जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा

एजेंसी, नई दिल्ली



**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है और उसे यह क्षेत्र जल्द खाली करना होगा।

पाकिस्तान ने शांति स्थापना सुधारों पर संयुक्त राष्ट्र की बहस में बार-बार जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया। इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से बार-बार भारतीय केंद्र शासित राज्य जम्मू-कश्मीर का जिक्र करना अनुचित है। हरीश ने यह बात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर कही।

उन्होंने दोहराया कि यह क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत यह नोट करने पर बाध्य है कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर अनुचित टिप्पणी की है। इस तरह के बार-बार संदर्भ न तो उनके अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। पाकिस्तान को अवैध खब्जा खाली करना होगा।

### मंच को भटकाने का प्रयास न करे पाक

**हरीश** ने कहा कि हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस मंच का ध्यान भटकाने का प्रयास न करे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के विशेष सहायक सैयद तारिक फातमी ने सुरक्षा परिषद में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना पर चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया था। भारत का यह जवाब उनके बयान के बाद आया है।

### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



पच्छाद की विधायक रीना कश्यप के साथ विधानसभा जाते माननीय।



कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी।



शिमला के विधायक हरीश जनारथा।

# पूर्व सरकार ने नालागढ़ में एक भी नया खनन पट्टा नहीं दिया, सदन में सीएम ने बोला झूठ: जयराम

## झूठ बोलने में मुख्यमंत्री से भी आगे निकले अधिकारी, संभलें नहीं तो आगे भुगतना होगा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अब सदन को आंकड़ों के साथ हेर-फेर करके गुमराह कर रहे है। इसमें अधिकारी शातिर तरीके से काम करते हुए तथ्यों को घुमा-फिरा रहे हैं। या तो मुख्यमंत्री समझ नहीं पा रहे हैं या फिर वह चीजों को अनदेखा कर रहे हैं। इस तरह से सदन को गुमराह करना मुख्यमंत्री के लिए शर्मनाक बात है।

उनकी पार्टी के एक विधायक द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने सदन को बताया कि भाजपा ने 3000 बीघे का पट्टा खनन के लिए दिया, जो कि सरासर झूठ है मुख्यमंत्री और अधिकारियों द्वारा जान-बूझकर सदन को गुमराह किया गया है। मुख्यमंत्री ने जिन खनन पट्टों का जिक्र किया सारे के सारे पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा लोगों को दिए गए हैं। वर्तमान की सुक्खू सरकार में भी मुख्यमंत्री ने अपने एक विधायक के परिवार को 600 बीघे का खनन पट्टा दिया है। यह सरकार मित्रों और अपने विधायकों के बाहर कुछ देख नहीं पा रही है और विपक्ष पर शर्मनाक और झूठे आरोप लगा रही है।



जयराम ने शिमला से जारी एक बयान में कहा है कि विधानसभा में मुख्यमंत्री ने यह झूठ बोला इसलिए मैंने प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर के जरिए सदन को सदन को सच्चाई से अवगत कराया। सदन को इस तरीके से गुमराह करना शर्म की बात है। प्रदेश में जिस तरीके से अवैध खनन हो रहा है, आज तक के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। अवैध खनन के खिलाफ गांव के लोग लामबंद होकर पुलिस को बुलाते हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई करने मौके पर नहीं पहुंचती है।

खनन माफिया पहाड़ के पहाड़ खोद ले गए, नदियों का रास्ता बदल रहा है। बीबीएन में एसपी के कार्यालय के 100 मीटर के भीतर खनन हो रहा है, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रदेश की संपदा कौन अपने मित्रों पर किस कदर लुटा रहा है यह पूरा प्रदेश देख रहा है। विपक्ष पर बार-बार झूठे आरोप लगाकर यह सरकार अपनी नाकामियां नहीं छिपा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### सदन में किया जा रहा आंकड़ों का हेरफेर

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के झूठ से ही प्रेरणा लेकर अब अधिकारी मुख्यमंत्री से बढ़-चढ़कर झूठ बोलने लगे हैं। झूठ बोलने की मुख्यमंत्री और अधिकारियों के बीच प्रतियोगिता चल रही है। सदन में आंकड़ों में हेर-फेर करके विपक्ष को दोषी साबित करना और सरकार की नजर में अपने नंबर बढ़ाने का काम चल रहा है। मैं अधिकारियों से यह बात कहना चाहता हूं वह अपनी सेवा नियमावली के अनुसार कार्य करें। अब सरकार की उम्र लंबी नहीं है, इस सरकार का कोई भविष्य नहीं है, इसलिए इस प्रकार के भविष्य के साथ अपना भविष्य न जोड़ें। अपनी हरकतों से बाज आएं नहीं तो इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।


### विमल नेगी की मौत पर सरकार हुई मौन

**जयराम** ने कहा कि एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर दिवंगत विमल नेगी के भाई बार-बार कह रहे हैं कि पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है, जो आरोपी हैं वे खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। पुलिस जांच से जुड़ी कोई भी चीज उनसे साझा नहीं कर रही है। यह बयान मीडिया में प्रकाशित है इसके बाद भी मुख्यमंत्री हर जगह कह रहे हैं कि परिवार प्रदेश सरकार की जांच में संतुष्ट है। सीबीआई की जांच रोक कर मुख्यमंत्री क्या छुपाना चाहते हैं। इसे बचाना चाहते हैं उन्हें यह बात स्पष्ट करनी होगी।

### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



विधायक रणधीर शर्मा, विनोद कुमार, हंसराज, बलबीर वर्मा व अन्य।



इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन।



पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

# प्रोटोकॉल मानदंडों के उल्लंघन को लेकर समिति की हुई बैठक



**अनंत ज्ञान, शिमला**

विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में प्रोटोकॉल मानदंडों के उल्लंघन और अवमाननापूर्ण व्यवहार समिति की बैठक मंगलवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा की गई।

इस बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए, जबकि समिति सदस्य एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, समिति सदस्य एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, अनिल शर्मा, भवानी सिंह पठानिया आदि भी शामिल हुए। बैठक में समय-समय पर विधायकों के प्रोटोकॉल संबंधी सदन में उठाए जाने वाले विषयों पर गहन चर्चा की गई, तदोपरांत उसे समिति द्वारा सरकार की संस्तुती के लिए भेजा जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह समिति की आंतरिक बैठक थी, जिसका खुलासा नहीं किया जा सकता। सत्र को बढाने संबंधी पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए पठानियां ने कहा कि अभी तक सरकार या विपक्ष की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

# हिमाचल के आपदा स्थल पर मिलेगा बेहतर इलाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि अब आपदा स्थल पर बेहतर इलाज मिलेगा। ऐसे दो भीष्म क्यूब एम्स पहुंच गए हैं, इस प्रोजेक्ट से जुड़ने वाला हिमाचल देश का पहला स्वास्थ्य संस्थान बन गया है।

### एम्स पहुंचे दो भीष्म क्यूब, अब प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को नहीं होना पड़ेगा परेशान



उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अब पीड़ितों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट भीष्म के तहत एम्स बिलासपुर को दो अत्याधुनिक भीष्म क्यूब मिले हैं। इसके लिए हम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का धन्यवाद करते हैं। इन भीष्म क्यूब की कीमत 6 करोड़ रुपए है। नड्डा ने पहले एक क्यूब देने की घोषणा की थी, लेकिन अब उन्होंने दो क्यूब भेजे हैं। 24 मार्च 2025 को इनकी खेप एम्स पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता है जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। किसी भी तरह की आपदा के दौरान लोगों को सही समय पर मौके पर इलाज देने के लिए केंद्र ने इस प्रोजेक्ट के तहत बिलासपुर एम्स को जोड़ा है।

रणधीर ने कहा कि प्रोजेक्ट से जुड़ने वाला बिलासपुर एम्स देश का पहला स्वास्थ्य संस्थान है। भीष्म क्यूब अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किए गए हैं। इन्हें हेलिकॉप्टर या अन्य साधनों से सीधे आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचाया जाएगा। मौके पर पहुंचते ही आठ से दस मिनट में अस्पताल तैयार कर घायलों का इलाज शुरू किया जा सकेगा। इसमें माइनर ऑपरेशन थिएटर, एक्स-रे, वेंटिलेटर, ब्लड सैंपल जांच और अन्य आपातकालीन सुविधाएं मौजूद होंगी। रणधीर ने कहा कि हिमाचल में बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ या अन्य आपदाओं के दौरान अब रास्ते बंद होने की स्थिति में भी पीड़ितों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

# हिमाचल के 16 स्कूलों में हिंदी शिक्षकों के पद नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के 16 राजकीय उच्च विद्यालय ऐसे हैं, जहां हिंदी भाषा के शिक्षकों का कोई भी पद सृजित नहीं किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित इन स्कूलों में सैकड़ों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन हिंदी भाषा पढ़ाने के लिए कोई नियुक्त शिक्षक नहीं है। यह जानकारी एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सरकार की ओर से दी गई।



विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज के सवाल के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि चंबा जिले के राजकीय उच्च विद्यालय न्यायां में हिंदी शिक्षक का कोई पद नहीं है। इसी तरह हमीरपुर जिले के बफडी स्कूल में भी हिंदी शिक्षक का पद सृजित न होने से 47 विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। कांगड़ा जिले के पांच स्कूलों आशापुरी, तोतारानी, नंदेहड़, कोहाल्ला और भड्याड़ा में भी हिंदी शिक्षक का पद नहीं है। इन स्कूलों में कुल 371 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें नंदेहड़ स्कूल में ही 115 विद्यार्थी हिंदी पढ़ने हैं।

किन्नौर जिले के नाथपा स्कूल में आठ विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन हिंदी का शिक्षक नियुक्त नहीं है। लाहौल-स्पीति के मोरिंग स्कूल में भी यही स्थिति है। मंडी जिले में तीन स्कूल कोलंग, प्रस्सत हवाणी और पपलोट हिंदी शिक्षक की कमी से जूझ रहे हैं। इन तीनों स्कूलों में कुल 121 विद्यार्थी हैं। शिमला जिले के 3 स्कूल थानेधार, कूट और जराशी में भी हिंदी शिक्षक का पद सृजित नहीं किया गया है। इन स्कूलों में कुल 50 विद्यार्थी हिंदी पढ़ रहे हैं। सोलन जिले के कुमारहट्टी स्कूल में भी यही समस्या है, जहां 70 विद्यार्थी हिंदी शिक्षक के अभाव में प्रभावित हो रहे हैं।

# माफिया राज के खिलाफ कल हल्ला बोलेगी भाजपा : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के राज्य अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि 27 मार्च को शिमला के चौड़ा मैदान में, विधानसभा के बाहर एक विशाल प्रदर्शन होगा। यह प्रदर्शन माफियाराज, चिट्टा माफिया, खनन माफिया, ट्रांसफर माफिया, कबाड़ माफिया, मित्रों के द्वारा स्थापित माफियाराज के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि हजारों लोग प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे।

डॉ. बिंदल ने कहा कि यह सरकार ढाई वर्षों में कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पाई। चंबा के दलित युवक की नृशंस हत्या से शुरू हुआ क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। हत्याएं, खून, बलात्कार, महिलाओं का उत्पीड़न, महिलाओं का शोषण इन घटनाओं से प्रदेश बदनामी की ओर बढ़ रहा है। चिट्टा माफिया पूरे प्रदेश में दनदना रहा है, कभी बिलासपुर में गोलीबारी, तो कभी प्रदेश के अन्य स्थानों पर ऐसी घटनाएं होती हैं और सरकार मूक-दर्शक बनकर बैठी है, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। खनन माफिया ने हिमाचल को छलनी कर दिया है। किसी समय बिहार, उत्तर प्रदेश बदनामी के कारण चर्चा में रहते थे, वहां तो सुधार हो गया, लेकिन हिमाचल प्रदेश उस दिशा में अग्रसर हुआ है।

### सरकार ने महिलाओं को दिया धोखा

**डॉ.** बिंदल ने कहा कि ढाई वर्षों के अंदर वर्तमान कांग्रेस सरकार ने माताओं, बहनों के साथ धोखा किया, बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिला, सरकारी नौकरी नहीं मिली, कर्मचारियों को ठगा, किसानो को ठगा, आऊटसोर्स कर्मचारियों को ठगा और इसके अलावा सीमेंट महंगा, पानी महंगा, बिजली महंगी, स्टाम्प ड्यूटी महंगी, डिपुओ में मिलने वाला राशन महंगा, डीजल और पैट्रोल में 10.50 रुपए लीटर का वैट लगाकर हर चीज को महंगा करने का काम किया।

### डिप्टी सीएम ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 2 करोड़ का चेक



शिमला। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को 2 करोड़ रुपए का चेक भेंट किया। यह चेक हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, विधायक संजय रतन, संजय अवस्थी, नीरज नैयर, विवेक कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह राणा, बैंक के अध्यक्ष दवेंद्र सिंह श्याम, प्रबंध निदेशक शरवन मांटा और बैंक के निदेशक उपस्थित थे।

# परमाणु ऊर्जा विभाग ने फूड सप्लीमेंट मार्केट में किया लॉन्च: इंदु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि परमाणु ऊर्जा विभाग ने मेसर्स आईडीआरएस बेंगलुरु के सहयोग से एक टैबलेट (फूड सप्लीमेंट) ऐक्टोसाइट मार्केट में लॉन्च किया है जो की रेडिओथेरपी की प्रक्रिया से गुजरने बाले कैंसर रोगियों के साइड इफेक्ट्स को कम करता है। यह जानकारी उन्हे प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मन्त्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने संसद में दी। उन्होंने बताया की इस टैबलेट को विकसित करने में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई, टाटा स्मारक अस्पताल मुंबई, कैंसर में प्रशिक्षण अनुसंधान और शिक्षा का प्रगत केंद्र नवी मुम्बई और मेसर्स आईडीआरएस बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने योगदान दिया है।



उन्होंने इंदु बाला गोस्वामी को बताया की ऐकटोसाइटष टेबलेट ने दूसरे चरण के क्लीनिक ट्रायल में रेडियोथेरेपी के दुष्परिणाम झेल रहे पेल्विक कैंसर के रोगियों के साइड इफेक्ट्स को कम करने में अच्छे परिणाम दिखाए हैं। ऐकटोसाइट टेबलेट के माध्यम से उपचार किये गए कैंसर रोगियों में रेडिओथेरपी की टॉक्सिसिटी (विषाक्तता) से असाधारण सुधार दिखाई दिया है। उन्होंने बताया की इसके लाभों को अंतिम रूप से सिद्ध करने के लिए और क्लिनिकल ट्रायल किये जा रहे हैं। ऐकटोसाइट टेबलेट फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से हेल्थ सप्लीमेंट के तौर पर मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

# केंद्र ने हिमाचल को दी 7,836 करोड़ की सहायता राशि : डॉ. राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत अब तक 32 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों को कुल 2,67,632 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है, जिसमें से अब तक हिमाचल को 7,836 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया यह जानकारी उन्हे केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने ससंद में पूछे गए एक प्रश्न पर दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत अब तक हरियाणा को 2,513 करोड़, जम्मू-कश्मीर को 12,810 करोड़, पंजाब को 3,889 करोड़, लद्दाख को 449 करोड़ और उत्तराखंड को 9,495 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। अब तक सर्वाधिक राशि बिहार को 26,909 करोड़ रुपए और सबसे कम राशि 10 करोड़ रुपए गोवा राज्य को जारी की गई है।

उन्होंने संसद को बताया बिहार के बाद सर्वाधिक राशि मध्य प्रदेश को 25,280 करोड़, ओडिसा को 24,845 करोड़ और उत्तर प्रदेश को 22,443 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

# हिमाचल के प्रमुख जलाशयों के जल भंडारण स्तर में आई गिरावट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने सदन में जल संकट की बदतर होती वैश्विक समस्या का मामला उठाया। उन्होंने जल शक्ति मंत्री से पूछा कि क्या सरकार के संज्ञान में यह बात आई है कि केंद्रीय जल आयोग (सीडब्लयूसी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश राज्य में प्रमुख जलाशयों के जल स्तर में पिछले वर्ष की तुलना में सामान्य भंडारण स्तर से गिरावट आई है? क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हिमाचल प्रदेश राज्य के अधिकांश जिलों में वर्षा की भारी कमी और सूखे जैसे हालात देखे गए हैं, जिसके कारण सिंचाई या विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के लिए जल भंडारण कम हो गया है और इससे पेयजल की उपलब्धता भी प्रभावित होगी और सरकार द्वारा राज्य में इन समस्याओं को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

### विद्युत उत्पादन पर भी हो रहा असर, सिंचाई परियोजनाओं की हालत भी हो रही खराब



जल शक्ति मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि केंद्रीय जल आयोग देश के 155 महत्वपूर्ण जलाशयों की लाइव स्टोरेज स्थिति की निगरानी करता है और हर वीरवार को साप्ताहिक बुलेटिन जारी करता है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल आयोग द्वारा निगरानी किए जाने वाले 155 जलाशयों में से 3 जलाशय हिमाचल से हैं, जिनकी कुल लाइव स्टोरेज क्षमता 12.475 बिलियन क्यूबिक मीटर है। 13 मार्च 2025 के जलाशय भंडारण बुलेटिन के अनुसार, इन जलाशयों में उपलब्ध कुल लाइव स्टोरेज 2.624 बीसीएम है। पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान लाइव स्टोरेज 3.994 बीसीएम था और इसी अवधि के दौरान सामान्य जल संग्रहण (पिछले 10 वर्षों का औसत) 3.937 बीसीएम था।

### 3 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण में 33 फीसदी की भिन्नता आई

इस दौरान हिमाचल प्रदेश के 3 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण की स्थिति सामान्य से 33 प्रतिशत भिन्न है जिसके कारण जल विद्युत उत्पादन और सिंचाई लाभ में संभावित कमी हो सकती है। उन्होंने बताया कि राज्य में कम बारिश और बर्फबारी के कारण केंद्रीय जल आयोग ने हिमाचल प्रदेश राज्य को एक एडवाइजरी जारी की है जिसमें राज्य सरकार से जलाशयो में कम भंडारण जल उपलब्धता की चुनौती से निपटने के लिए उपाय करने का आग्रह किया गया है।

# केंद्र ने हिमाचल को शक्ति सदन योजना के तहत **47,45,412 रुपए** किए जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप के दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। कश्यप ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को हिमाचल को अरबों रुपए की सौगातें देने के लिए धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान शक्ति सदन योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को 47,45,412 रुपए जारी किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार को अब केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए समय पर निधि जारी करने के लिए एसएनए स्पर्श के अंतर्गत शामिल किया गया है और शक्ति सदन योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार को 12,50,000 रुपए की अन्य स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत दो मार्च 2025 तक हिमाचल प्रदेश से 5961 आवेदन प्राप्त हुए हैं। हिमाचल सहित विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए आवासीय क्षेत्रों में पहले दो किलो वाट क्षमता के रूफ टॉप सोलर स्थापित करने के लिए 33,000 रुपए प्रति किलोवाट, एक किलोवाट के लिए 19,800 रुपए तथा ग्रुप हाउिसंग सोसायटी के मामलों में 19,800 रुपएप्रति किलोवाट की केंद्रीय सहायता प्रदान की जा रही है ।

शहरी विकास स्मार्ट सिटी मिशन के लिए 19850.00 लाख, अटल मिशन में छावनी बोर्डों को सहायता कायाकल्प और शहरी परिवर्तन (अमृत) के लिए 10420.43 लाख, प्रधानमंत्री आवास योजना-सभी के लिए आवास (शहरी) 2761.17 लाख और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाईएनयूएलएम) में 887.10 लाख रुपए की मदद मिली।

**राज्य चयन आयोग** ‘सी-डैक’ कंपनी के साथ एमओयू का मामला अभी भी लटका

# ऑनलाइन पोर्टल का इंतजार हो रहा लंबा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

यहां स्थित राज्य कर्मचारी चयन आयोग में नई भर्तियों के सिलसिले को लेकर हिमाचल के युवा जिस इंतजार की जद्दोजहद में परेशान हैं। उसमें अभी और देरी का सामना उन्हें करना पड़ सकता है। कारण यह है कि सिंगल विंडो सिस्टम के तहत जिस सॉफ्टवेयर को तैयार किया जा रहा है। वह ‘ओके’ नहीं हो रहा है। यही स्थिति सी-डैक कंपनी के साथ होने वाले एमओयू को लेकर भी बराबर बनी हुई है।

यानी जब तक यह दो चीजें मुकम्मल नहीं हो पातीं, तब तक आयोग का रंग-रूप नई भर्तियों के मामले को लेकर सामने नहीं आ पाएगा। पहले कहा यही जा रहा था कि इसी महीने के अंत तक यह दोनों चीजें मुकम्मल हो जाएंगी और उसके बाद अगली प्रक्रिया को शुरू करने में आसानी रहेगी। मगर युवाओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।



### क्या कहते हैं आयोग के सचिव

**आयोग** के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि उम्मीद यही है कि सॉफ्टवेयर एक हफ्ते में बनकर तैयार हो जाएगा, आईटी विभाग के पास इसका जिम्मा है। रही बात एमओयू साइन होने की, उसमें भी अभी फाइनल स्थिति नहीं बन पाई है। उम्मीद यही है कि जल्दी ही यह दोनों चीजें मुकम्मल हो जाएंगी। थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा।

सरकार ने सॉफ्टवेयर बनाने का जिम्मा आईटी विभाग को दे रखा है। 20 मार्च तक इस सॉफ्टवेयर पोर्टल को चालू कर देने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन इसमें देरी हुई है। देरी किस तरह की है? कहां रुकावट है। इस पर कोई भी कहीं से भी कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं दिख रहा है। आयोग के कर्ताधर्ता सिर्फ यही कह रहे हैं कि बहुत जल्दी यह पोर्टल बन कर तैयार हो जाएगा।

**अनंत ज्ञान विशेष**

जिस सी-डैक कंपनी के साथ एग्जाम की प्रक्रिया से जुड़ी हुई तमाम चीजों को लेकर एमओयू साइन होना है, उसमें भी देरी हो रही है। जिन शर्तों को लेकर कंपनी ने अपनी सहमति दी थी, उन पर आयोग को भी ऐतराज है, इसलिए कुछ नई चीजें जोड़कर आयोग ने सरकार के माध्यम से इसमें फेरबदल करने की गुजारिश की थी। जब तक दोनों के बीच में सहमति नहीं होती, एमओयू साइन कैसे होगा? यहां पार्ट भी सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसमें पैसे की अदायगी की शर्तें जुड़ी हुई हैं। अब मामला दोनों के लॉ डिपार्टमेंट में फंसा हुआ है।

दर असल में पूर्व में चल रहे हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग को भ्रष्टाचार के आरोपी के कारण भंग कर दिया गया था और अब नया राज्य कर्मचारी चयन आयोग गठित किया गया था। यह अस्तित्व में काफी समय पहले आ गया था, लेकिन अभी इसके कामकाज में सिर्फ इतना ही है कि पुराने फंसे हुए रिजल्ट्स को बारी-बारी क्रमबद्ध तरीके से जैसे-जैसे सरकार की अप्रूवल मिल रही है, घोषित किया जा रहा है।

लेकिन असल समस्या नई भर्तियों के मामले को लेकर है। जिसका इंतजार अब हिमाचल के युवाओं के लिए असहनीय होता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि सरकार इस मामले में प्रयास नहीं कर रही। बार-बार बयान यही आ रहे हैं कि बहुत जल्दी भर्तियों का सिलसिला शुरू होगा। मगर डेडलाइन इस मामले को लेकर अभी भी ‘ओझल’ दिख रही है, क्योंकि नई भर्तियों के सिलसिले को शुरू करने का इंतजार सवा दो वर्ष से ऊपर हो चुका है। यही सबसे बड़ी विडंबना है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भवारना में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह ।** विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर मयंक शर्मा ने जारी बयान में कहा कि विद्युत लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव हेतु 11 केवी खैरा फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र क्रमशः सैनिक वेलफेयर कॉलोनी ठाकुरद्वारा, भवारना, बारी, सिहोल, वड़घवार, हैंजा, भाडल देवी, ठंबा, कथियाड़ा, सुतरेहड़, ओडर, खैरा रोड, हिम दर्शन इत्यादि गांवों की विद्युत आपूर्ति 26 मार्च बुधवार को सुबह 09:00 से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित इलाका निवासियों से सहयोग की अपील की है।

### बारी-सांबा सड़क 21 अप्रैल तक रहेगी बंद

**राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश लोक निर्माण विभाग उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर प्यार सिंह ने जारी बयान में कहा कि लिंक रोड बारी से सांबा तक किलोमीटर 0/0 से 10/00 के अपग्रेडेशन का कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत चल रहा है तथा उक्त सड़क में आर डी 4/ 00 से 10/00 (सड़क का भाग नौरा से ढाटी) पर टारिंग बछाने का कार्य करवाया जाना है। उक्त सड़क को 26 मार्च से 21 अप्रैल तक सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन को अवरुद्ध रखा जाएगा। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि वाहनों के आवागमन हेतु लोग वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं। **(अनंत ज्ञान)**

### टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास 28 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 28 मार्च को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### भाजपा कल करेगी विस का घेराव : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा द्वारा 27 मार्च को शिमला में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि 27 मार्च को भाजपा के



प्रदेश भर के नेता व कार्यकर्ता शिमला के चौड़ा मैदान में एकत्रित होंगे। इस दौरान रैली निकाली जाएगी और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। मंगलवार को जारी प्रेस बयान में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने उपरांत प्रदेश को तहस-नहस कर दिया है। कांग्रेस सरकार को आइना दिखाने के लिए भाजपा द्वारा 27 मार्च को शिमला में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा और विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

### एकल अभियान का वार्षिक समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, डरोह।** संभाग उत्तर हिमाचल अंचल पालमपुर का गत दिवस वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 220 के करीब लोगों ने भाग लिया। इसमें 10 संचों से आए हुए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें संभाग के समिति सदस्य विक्रम, संभाग अभियान प्रमुख संजीव धीमान, प्रभाग के सीएसआर प्रमुख प्रदीप अवस्थी, रवि मड़ियाल, अंचल उपाध्यक्षा रीना, अंचल अभियान प्रमुख आशा, अंचल प्राथमिक प्रशिक्षण प्रमुख रजनी, अंचल शारीरिक एवं खेलकूद प्रशिक्षक निशा, अंचल कार्यालय प्रमुख शुभम, अंचल व्यास कथाकार सिंपल भारती और संच प्रमुख व संच व्यास कथाकार इसमें उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम का 02:00 बजे कल्याण मंत्र के साथ समापन किया गया।

# शहीदों की प्रतिमाओं व पार्क का उचित रखरखाव करें सुनिश्चित : उपायुक्त

## हेमराज बैरवा ने एसडीएम-लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में शहीदों के नाम पर बने पार्क, प्रतिमाओं इत्यादि का उचित रखरखाव तथा सौंदर्यीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित एसडीएम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला सैनिक बोर्ड की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला स्थित राज्य युद्ध स्मारक एवं संग्रहालय के मुख्य द्वार का निर्माण करवाने के लिए उचित कदम उठाने के लिए कहा गया है ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को राज्य युद्ध स्मारक व संग्रहालय के बारे में जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड की ओर से पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए कारगर कदम उठाए जाएं तथा पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के लिए आरंभ की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी पहुंचाना भी सुनिश्चित करें ताकि पात्र पूर्व सैनिक और उनके आश्रित इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के गैर सरकारी सदस्यों को बैठक में आने पर टीए-डीए देने की मांग को स्वीकार कर लिया गया है ताकि सभी गैर सरकारी सदस्य बैठक में नियमित तौर उपस्थित होकर पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवा सकें।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने पूर्व सैनिक बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्रैमासिक बैठक नियमित तौर पर आयोजित की जाए तथा इसका एजेंडा संबंधित विभागों को बैठक से पहले भेजा जाए ताकि अधिकारी भी बैठक में सुचारु रूप से पूर्व सैनिकों के माध्यम से उठाए गए सवालों एवं समस्याओं का उचित जबाव दे सकें।

इससे पहले उपनिदेशक पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड कर्नल गोपाल सिंह गुलेरिया ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए पिछली बैठक के विभिन्न मदों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व सैनिक लीग हिमाचल प्रदेश की ओर से सशस्त्र बल न्यायाधिकरण चंडी मंदिर का सर्किट बेंच धर्मशाला में स्थापित करने तथा पूर्व सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में लोक मित्र केंद्र खोलने की मांग उठाई गई है तथा इन मांगों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया जा रहा है। इस अवसर एसडीएम संजीव भोट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# एचआरटीसी बसों के हमले पर करणी सेना की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



- कहा- खालिस्तानी समर्थकों को देंगे मुंहतोड़ जवाब

**पंजाब** में कुछ लोगों द्वारा लगातार हिमाचल की बसों को निशाना बनाए जाने, अपशब्द लिखने, पोस्टर लगाने व हिमाचल में बाइक्स, गाड़ियों पर हुड़दंग मचाने, गोलियां चलने, मारपीट करने घटनाओं से लगातार विवाद उत्पन्न हो रहा है। इसी बीच खालिस्तान के नारे लगाने, लिखने, झंडा लेकर चलने से यह विवाद और बढ़ा है। जिसे करणी सेना सहन नहीं करेगी। यह शब्द करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक डढबाल व करनी सैना व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहीत महाजन ने जारी बयान में कहे।

उन्होंने कहा कि अगर यह लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आए तो करणी सेना इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। हिमाचल परिवहन निगम की बसों पर पथराव करने उन पर खालिस्तान पोस्टर लगाने व लिखने जैसी घटनाएं हुई हैं, जिससे यह टकराव बढ़ता हुआ दिख रहा है। करणी सैना ने कहा कि जिस प्रकार से कुछ लोग खालिस्तान के नाम पर टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थक बन रहे हैं, अलगाववादी सोच को आदर्श बना रहे हैं यह सहन नहीं किया जा सकता। करणी सेना ने कहा कि पंजाब हिमाचल का बड़ा भाई है, पंजाब ने वीरता दिखाई, शहादतें दीं हैं। पंजाब भारत का दिल है तो वहीं हिमाचल देवभूमि और वीर भूमि है। प्रदेश में शांति को भंग करना चाहेगा, मारपीट करना चाहेगा, गोलियां चलाना चाहेगा, उसको सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बाइक्स पर स्टंट किए जाते हैं ,बताएं कोई उसका कौन समर्थक है, अगर किसी की जान चली जाएगी तो कौन जिम्मेदार है ? दुर्घटनाएं हो रही हैं, मौत का सफर किया जा रहा है। यह सहन नहीं होगा।

# पुलिस ने एक और नशा तस्कर को किया नजरबंद, छठी कार्रवाई की

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



**नूरपुर** पुलिस द्वारा एक और कार्रवाई करते हुए इंदौरा के एक ओर नशा तस्कर को नजरबंद कर दिया है। यह कार्रवाई गृह सचिव और निरुद्ध प्राधिकरण के आदेशों पर गई। पुलिस द्वारा की गई यह छठी कार्रवाई है। एसडीपीओ इंदौरा संजीव कुमार यादव ने बताया कि शमशेर सिंह निवासी सीरत, डाकघर मोहटली, तहसील इंदौरा को 30 जुलाई 2023 को भदरोआ में 10.1 ग्राम हैरोइन और 8500 रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया कि वह कई बार गिरफ्तार होने के बावजूद नशा तस्करी में सक्रिय था। इसी आधार पर एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने उसे निरुद्ध करने का प्रस्ताव 26 सितंबर 2024 को भेजा था, जिसे स्वीकार कर आदेश जारी किए गए। शमशेर सिंह की नशे के कारोबार से अर्जित संपत्ति की जांच शुरू कर दी गई है। एसपी अशोक रत्न ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद संपत्ति फ्रीजिंग सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी। शमशेर सिंह को 15 मई 2022 को 8.35 ग्राम हैरोइन, 18 सितंबर 2022 को 9.92 ग्राम हैरोइन और 30 जुलाई 2023 को 10.1 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी लगातार संलिप्तता को देखते हुए पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे नजरबंद किया गया है।

## जीएसटी अनियमितता : शॉपिंग मॉल पर ठोंका 20 लाख का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश कर एवं आबकारी विभाग द्वारा ने धर्मशाला के साथ लगते सिद्धपुर के शॉपिंग मॉल पर जीएसटी अनियमितता के मामले में 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार शॉपिंग मॉल में किराना, ड्राई फ्रूटस, इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान, स्टेशनरी समेत जूते-चप्पल समेत कई प्रकार की घरेलू सामग्री बेचा जाता है। राज्य कर एवं आबकारी विभाग (प्रवर्तन विंग) को सूचना मिली थी कि शॉपिंग मॉल में बड़े स्तर पर वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित अनियमितता बरती जा रही है। उपायुक्त, राज्य कर एवं आबकारी कांगड़ा विशाल गोरला ने बताया कि सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम ने संबंधित शॉपिंग मॉल में दबिश दी। इसके बाद विभाग ने संबंधित शॉपिंग मॉल संचालक को नोटिस भेजकर रिकॉर्ड मांगा। विभाग कारोबारी के जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। इसके बाद शॉपिंग मॉल को करीब 20 लाख का जुर्माना लगाया। शॉपिंग मॉल संचालक ने राज्य कर एवं आबकारी विभाग के कार्यालय में जुर्माना राशि जमा करवा दी है।

# एसएसबी सपड़ी के जवानों ने लाहौल-स्पीति के सिस्सू टॉप चोटी पर फहराई विजय पताका

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

**केंद्रीय** सीमा सुरक्षा बल सपड़ी के उप महानिरीक्षक मुकेश कुमार व सीटीसी (एसएसबी) सपड़ी की टीम ने विश्व की सबसे ऊंची स्नो मैराथन में विजय पताका फहराई। भारत के सर्वश्रेष्ठ धीरज प्रतीक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया। ज्वालामुखी (एसएसबी)के अद्वितीय धीरज और नेतृत्व की ऐतिहासिक उपलब्धि में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मुकेश कुमार की छह सदस्यीय टीम ने 23 मार्च को सिस्सू (लाहौल-स्पीति ) में विश्व की सबसे ऊंची और एशिया की सबसे ऊंची स्नो मैराथन दौड़ में विजय पताका फहराई। टीम ने 10,236 फीट (3,120 मीटर) की चक्करदार ऊंचाई पर -13 डिग्री सेल्सियस के हाड़कंपा देने वाले तापमान का सामना करते हुए असाधारण साहस दिखाकर चुनौती पूर्ण दौड़ पूरी की और ऊंचाइयां छूने वाले योद्धाओं के रूप में अपनी प्रतिष्ठा का लोहा मनवाया। गौरतलब है कि सीमा सुरक्षा बलों के लिए बेजोड़ एक साल की उपलब्धियों की जीत का यह साल डीआईजी की उपलब्धियों की असाधारण श्रृंखला का समापन है, जिन्हें 'सीएपीएफ के लौह पुरुष' के रूप में सम्मानित किया जाता है।




### भारत के सीमा रक्षकों के लिए समर्पित जीत

**डीआईजी** मुकेश कुमार ने जीत को भारत के सीमा रक्षकों के लिए समर्पित की है। यह मैराथन हर उस सैनिक की अथक भावना का प्रतीक है जो विषम परिस्थितियों में भी हमारी सीमाओं की रक्षा करता है। फरवरी में छह मैराथन से लेकर टर्फमैन और अब सिस्सू तक की मेरी यात्रा यह साबित करती है कि सीमाएं केवल तोड़ने के लिए ही होती हैं।








# ये इंडो वेस्टर्न आउटफिट लुक हर इवेंट के लिए है बेस्ट

*खूबसूरत दिखना सबको पसंद होता है। यही कारण है कि हम अक्सर अलग-अलग डिजाइन और फैशन ट्रेंड को फॉलो करते हैं, ताकि हमारा लुक अच्छा नजर आए, लेकिन हर बार जैसा सोचते हैं, वैसा हो नहीं पाता है। इसकी वजह से हमें अक्सर डिफरेंट तरीके से आउटफिट को स्टाइल करना पड़ता है, लेकिन अगर आप एक्ट्रेसेस के लुक को रीक्रिएट करेंगी, तो इससे आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की जानकारी रहेगी। साथ ही, आप अच्छे ले लुक भी क्रिएट कर पाएंगी। भूमि पेडनेकर ने हाल ही में एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की इसमें उन्होंने बेहद खूबसूरत इंडो वेस्टर्न ड्रेस को वियर किया है। चलिए आपको भी बताते हैं ये ड्रेस कितनी है खास और कैसे आप इस लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं।*

### भूमि पेडनेकर का इंडो वेस्टर्न आउटफिट लुक

आप भी अगर कुछ स्टाइलिश ट्राई करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप इस फोटो मेम नजर आने वाले लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं। इसमें उन्होंने कैप सेट को वियर किया है। इसके साथ उन्होंने ब्लाउज को वियर किया है। जिसमें शेल वर्क हुआ है। इसमें ब्लाउज को छोड़कर ऊपरे आउटफिट को अजरक प्रिंट में तैयार किया गया है, ताकि इस आउटफिट को बोहो लुक दे सके। इस आउटफिट को नित्या बजाज ने डिजाइन किया है। आप भी इस तरह के प्रिंटेड पैटर्न वाले कपड़े को खरीदकर इस स्टाइल कर सकती हैं।

### ज्वेलरी स्टाइल

**आउटफिट** लुक को अट्रैक्टव बनाने के लिए आप भूमि पेडनेकर की तरह कॉइन डिजाइ वाली ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी नजर आती है। इसके साथ कामों में स्टार डिजाइन वाले इयररिंग्स हाथों में कंगन और रिंग को वियर किया है। आप भी इस तरह की ज्वेलरी सेट को मार्केट से खरीदकर आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी आपको मार्केट में 200 से 400 रुपए में मिल जाएगी।

### मेकअप और हेयर लुक

**अगर** आप आउटफिट के हिसाब से मेकअप करेंगी, तो अच्छी नजर आएंगी। ऐसे में आप भूमि पेडनेकर के लुक से आइडिया ले सकती हैं। उन्होंने ब्राउन कलर की ड्रेस को वियर किया है। इसके साथ उन्होंने ब्राउन कलर के ही मेकअप लुक को क्रिएट किया है। फिर हेयर स्टाइल में ट्विस्टेड ब्रेड के साथ बन हेयर स्टाइल को ि एट किया है। इसमें कलर वाले थ्रेड को लगाया है। इससे हेयर स्टाइल और भी अच्छा नजर आ रहा है। इस बार आप पार्टी ये



किसी फंक्शन में जाने के लिए आप इस तरह के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अट्रैक्टिव नजर आएंगी।

# स्लिम नजर आने के लिए इस तरह की साड़ी का करें चुनाव

*कई सारे खास मौकों पर महिलाएं साड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं, ताकि वो खूबसूरत नजर आए। अगर आप साड़ी में स्लिम नजर आना चाहती हैं तो आज हम आपको इस बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आप किस तरह की साड़ी का चुनाव करें। इस तरह साड़ी को स्टाइल करके आप स्लिम नजर आ सकती हैं।*



**सही फैब्रिक का करें चुनाव**

अगर आप साड़ी में स्लिम नजर आना चाहती हैं तो आप सही फैब्रिक का चुनाव करें। स्लिम नजर आने के लिए आप जॉर्जेट, क्रेप, शिफॉन और सॉफ्ट सिल्क जैसी साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।

**डार्क कलर की साड़ी का करें चुनाव**

स्लिम नजर आने के लिए आप इस तरह की डार्क कलर की साड़ी का चुनाव करें। डार्क कलर में आप ब्लैक, नेवी ब्लू, बरगंडी और डार्क ग्रीन, वाइन कलर और पर्पल कलर की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। साथ ही, आप हैवी बॉर्डर वाली साड़ी का चुनाव न करके पतले और हल्के प्रिंट्स वाली साड़ी का चुनाव करें।

**इस तरह से करें साड़ी स्टाइल**

साड़ी में आपका लुक तभी स्लिम नजर आएगा जब आप साड़ी को टाइट और अच्छे से प्लीट करके स्टाइल करेंगी। वहीं स्लिम नजर आने के लिए आप उल्टा पल्लू स्टाइल या सीधा पल्लू स्टाइल में साड़ी को वियर करें।



**हल्की ज्वेलरी, हील्स का करें चुनाव**

साड़ी में स्लिम नजर आने के लिए आप हल्की ज्वेलरी का चुनाव करें साथ ही, आप हील्स का चुनाव करें। हल्की ज्वेलरी में आपकी पर्सनालिटी ग्रेसफुल नजर आएंगी और हील्स जहां आपकी हाइट बढ़ाने में मदद करेंगी तो वहीं, हील्स स्टाइल करने के बाद आपका लुक स्लिम और खूबसूरत नजर आएगा।

*काजल लगाना हम सबको पसंद होता है। इसकी वजह से आंखों की खूबसूरती भी दोगुनी हो जाती है। साथ ही, आंखें बड़ी-बड़ी नजर आएंगी, लेकिन इसके लिए हम अक्सर बाजार से जाकर ब्रांड के काजल का इस्तेमाल करते हैं। इसकी वजह से कई बार हमारी आंखें लाल और जलने लगती हैं। ऐसे में आप घर पर काजल बनाकर इसे इस्तेमाल में ला सकती हैं। इससे आपकी आंखों में किसी तरह की कोई दिक्क त नहीं होती है। ऐसे में आप घर पर काजल को बनाकर आंखों की सुंदरता को बढ़ा सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस तरह से आप काजल को बनाएं।*


# नहीं लगेगी नजर, घर पर बनाकर आंखों में लगाएं यह काजल

**काजल बनाने के लिए सामग्री**

बादाम - 2, कपूर- 2
देसी घी- 1/3

**काजल बनाने का तरीका**

इसके लिए आपको एक मिट्टी या तांबे का बर्तन लेना है। अब बादाम को छीलकर डालें। इसके बाद इसमें 2 कपूर डालें। इसके बाद जो बर्तन काल के लिए लिया है। इसे उल्टा करके इनके ऊपर रखें। इससे पहले इसमें आग लगाएं। इसे काजल बनने तक ऐसे ही रख दें।



इससे काजल का पाउडर इसमें अच्छे से बन जाएगा। इसके बाद इसे सीधा करके इस पाउडर को एक छोटे जार में निकालें। फिर इसमें देसी घी को मिक्स करके इसे सॉफ्ट बनाएं।

**इस तरह करें आंखों में अप्लाई**

इसके लिए आपको इसे एक कंटेनर में स्टोर करना है। फिर इसे ब्रश की मदद से आंखों में अप्लाई किया है। इसे आप चाहें को लाइनर लगाने के लिए भी अप्लाई कर सकती हैं। इसे लगाने के बाद आपको बाजार से काजल लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**इन बातों का रखें ध्यान**

काजल बनाते समय, सुनिश्चित करें कि आप सही तरीके से सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं। काजल को हमेशा साफ हाथों या ब्रश से लगाएं। यदि आपको आंखों में कोई जलन या परेशानी महसूस होती है, तो काजल का उपयोग करना बंद कर दें। इस आसान तरीके से आप घर पर काजल को बनाएं। काजल आंखों के लिए अच्छा रहेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये नेचुरल चीजों से तैयार किया गया है। आप इसे बनाकर लगा सकती हैं।

**नोट : आंखों में किसी भी तरह के मेकअप प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट सलाह जरूर लें।**

# घर पर रखी इन तीन चीजों से करें कैरेटिन

*आजकल स्किन से ज्यादा हमें अपने बालों का ख्याल रखना पड़ रहा है। बढ़ते प्रदूषण, टेंशन, खराब लाइफस्टाइल और खानपान के चलते हर दूसरा व्यक्ति बालों से जुड़ी किसी न किसी समस्या से सामना कर रहा है। ऐसे में हम पार्लर और डॉक्टर्स के पास जाकर तरह-तरह के महंगे ट्रीटमेंट का सहारा ले रहे हैं। इसके अलावा मार्केट में भी बालों को घना, लंबा और सिल्की बनाने के लिए अनेकों शैंपू, तेल, जेल और सीरम आ रहे हैं, परंतु इन सभी में कैमिकल मिला होता है, जिससे एक समय के बाद हमारे बाल खराब भी होने लगते हैं। ऐसे में अधिकतर लोग घरेलू उपायों का सहारा लेते हैं ताकि बालों पर यदि किसी चीज का असर नहीं हो तो कुछ नेगेटिव प्रभाव भी नहीं पड़े।*

**आज** लड़कियां अपने बालों को स्मूद और सिल्की बनाने के लिए कैरेटिन का खूब सहारा ले रही हैं। हालांकि, इस ट्रीटमेंट से बाल काफी शाइनी और स्मूद तो हो जाते हैं, लेकिन एक समय के बाद यह खराब भी होने लगते हैं। दरअसल, कैरेटिन करने में भी कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल होता है, जिसका बालों पर बुरा असर भी देखने को मिलता है। इसके अलावा कैरेटिन करने के लिए पार्लर वाले हजारों रुपए भी वसूल लेते हैं। ऐसे में हर बार इतने पैसे देने के बजाय यदि हम घ पर ही कैरेटिन कर लें तो कैसा रहेगा? जी हां, आप कुछ घरेलू चीजों की मदद से घर पर खुद कैरेटिन कर सकती हैं। इसको करने के लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आज हम आपको इस आर्टिकल में घर में कैसे कैरेटिन किया जा सकता है इसके बारे में बताएंगे। इसको हमें इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी एक्सपर्ट कुशाग्री व्यास ने बताया है। आइए जानें इसे कैसे करना है और इसके लिए हमें किन चीजों की जरूरत पड़ेगी।



**घर पर कैसे करें कैरेटिन?**

**सामग्रीः** अंडे की सफेदी- 2, शहद- 2, चम्मच, नारियल का तेल- आधा कटोरी

**बनाने का तरीका**

इसके लिए आपको सबसे पहले एक बाउल लेना है। अब आप अंडे लेकर उसकी सफेदी या यॉक पार्ट तोकर उस बाउल में डाल दें। फिर आप इसमें शहद और नारियल का तेल मिक्स करना है। इन सभी चीजों को अब आप बीटर की मदद से अच्छी तरह मिक्स करें। जब सभी चीजें मिक्स हो जाएं तो आप इस मिश्रण को अपने बालों पर अप्लाई करें। अच्छी तरह सूख जाने के बाद शैंपू की मदद से इसे धो लें। आप देखेंगी आपके बाल घर पर भी पार्लर की तरह कैरेटिन होकर स्मूथ और शाइनी हो गए होंगे।

***नोट - किसी भी नुस्खे को आजमाने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। साथ ही एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें।***



## न्यूज ब्रीफ

### महासम्मेलन में यूनियन के पदाधिकारी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर सीताराम वर्मा, महासचिव रोशन लाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण शर्मा व उपाध्यक्ष राघव कपिल ने दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कृषि व बागवानी पर आधारित महासम्मेलन में भाग लिया। यह आयोजन एनआईटी हमीरपुर में संपन्न हुआ। जहां 250 वैज्ञानिकों ने काफ्रेंस में भाग लिया। महासम्मेलन में यूनियन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। डॉक्टर सीताराम वर्मा ने प्रगतिशील कृषक के रूप में महासम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण व कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर बल देते हुए प्राकृतिक खेती को कलस्टर स्तर पर बढ़ावा देने का आवाहन किया।

### शारीरिक शिक्षकों की गुहार, कब मिलेगा रोजगार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा संघ पिछले कई वर्षों से अपने लिए नौकरी का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें अधिकतर लोग 50 की उम्र पार कर चुके हैं। आपकी सरकार ने यह प्रक्रिया 4 मार्च 2023 को शुरू कर दी थी, लेकिन कुछ कारणों से इन 870 पदों पर उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगा दी है, जबकि अभी भी सरकारी स्कूलों में 2150 पद रिक्त चल रहे हैं, लेकिन अभी यह मामला सरकार और उच्च न्यायालय के बीच चल रहा है जिसमें शारीरिक शिक्षकों को केवल डेट पर डेट ही मिल रही है। आज की मीटिंग में सरकाघाट से राजकुमार ,धीरज, विजय कुमार, कृष्ण, शोकी, मनीष, संजय, दीप कुमार,कृष्ण पाल, प्रवीण कुमार, रीता देवी, मुनीष, कमलेश, किरण कांत, आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### ऑटो रिक्शा पार्किंग स्थलों की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट मंडी अपूर्व देवगन ने एसडीएम सुंदरनगर की संस्तुति पर संशोधित अधिसूचना जारी करते हुए सुंदरनगर शहर में नए ऑटो रिक्शा पार्किंग स्थल और ऑटो रिक्शा की पार्किंग संख्या प्रस्तावित की है। 2002 की अधिसूचना को संशोधित करते हुए उप मंडलीय अस्पताल सुंदरनगर के समीप अब 5 की जगह 15 ऑटो पार्क किए जा सकते हैं। न्यू बस स्टैंड सुंदरनगर में भी 3 के स्थान पर 15 ऑटो पार्क करने प्रस्तावित हैं। सिनेमा चौक भोजपुर में और जीरो चौक बीबीएमबी में कोई भी ऑटो पार्क नहीं होगा। इससे पूर्व पहले इन स्थानों पर ऑटो पार्क किए जा सकते थे। संशोधित अधिसूचना में अब पुराना बस स्टैंड, सिनेमा चौक नजदीक आउट गेट, विश्राम गृह और विश्राम गृह चौक नजदीक वाटर टैंक में 2-2, नरेश चौक में 5 और धनोटू में 8 ऑटो पार्क करना प्रस्तावित किए हैं।

### शिक्षा समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण : चौहान

**अनंत ज्ञान, गोहर।** 'वो दिन योजना' अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना गोहर के सौजन्य से आईटीआई चच्योट में बाल परियोजना अधिकारी बीएल चौहान की अध्यक्षता में खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बीएल चौहान ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा हमारे समाज के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। शिक्षित लड़की न केवल अपने परिवार की स्थिति में सुधार कर सकती है बल्कि वह समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रधानाचार्य सी एस राणा, खंड समन्वयक आशीष कुमार, वृत्त पर्यवेक्षिका कांता देवी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आईटीआई स्टाफ, छात्र उपस्थित रहे।

### विनोद राठौर होंगे रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर की अर्धमासिक बैठक में 2026-27 सत्र के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से रोटेरियन विनोद राठौर को चुना गया। यह बैठक लक्ष्मी बाजार स्थित कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें वर्तमान अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, सचिव सुशील पठानिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर अजय ठाकुर ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि विनोद राठौर जुलाई 2026 से क्लब के प्रोजेक्टों को गति देंगे। बैठक में आगामी सत्र 2025-26 के लिए डॉ. चंद्रभूषण शर्मा को अध्यक्ष और अधिवक्ता रणजीत चौहान को सचिव चुना गया। ये दोनों अगले एक वर्ष तक रोटरी क्लब के दायित्वों को संभालेंगे। अजय ठाकुर ने बताया कि मार्च और अप्रैल में जल संरक्षण और स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसके तहत शहर में वाटर कूलरों के रखरखाव और स्वच्छता की जिम्मेदारी क्लब सदस्यों को सौंपी गई है।

### उपायुक्त मुकेश ने राज्य स्तरीय अंतर डाइट खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# खेलों से मिली सीख जीवन के हर पहलू पर जरूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

इमरान खान, पूर्व राज्य स्तरीय क्रिकेटर ने यह जानकारी साझा की। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर डाइट खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस मैदान बारगाह में किया। मुकेश रेपसवाल ने प्रतियोगिता का ध्वज फहराकर पुरुष तथा महिला अध्यापक प्रशिक्षुयों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च-पास्ट की सलामी भी ली। अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुकेश रेपसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों के माध्यम से मिली सीख जीवन के हर पहलू में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने से एक और जहां अनुशासन एवं टीमवर्क की भावना सुदृढ़ होती है, वही खेलें मानवीय जीवन के विभिन्न पहलुओं में भी सकारात्मक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। उन्होंने प्रशिक्षु अध्यापकों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने तथा कड़ी मेहनत से जीत के लिए खेलने की सलाह दी। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लेना नशे जैसी सामाजिक बुराई से भी दूर रहने में सहायक हो सकती है।



**प्रदेश के 11 जिलों से 352 खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में लेंगे हिस्सा**

इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ किया। उपायुक्त का यहां पहुंचने पर उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता-नियंत्रण समग्र शिक्षा कमलेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत करने के साथ उन्हें शॉल-टोपी एवं समृद्धि चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चंबा के प्रशिक्षुओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 11 जिलों से 352 खिलाड़ी टेनिस, शतरंज, कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन इत्यादि खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

## संसद में गूंजा चंबा विस्थापितों का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने आज संसद में चंबा के एनएचपीसी विस्थापितों का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे सदन में हलचल मच गई। उन्होंने विस्थापित परिवारों के रोजगार, पुनर्वास और एनएचपीसी द्वारा किए गए अधूरे वायदों को लेकर सरकार से जवाब मांगा।



विधायक नीरज नैय्यर ने संसद के पटल पर जोरदार तरीके से यह प्रश्न रखा कि आखिर कब तक चंबा के विस्थापित परिवार अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे? उन्होंने सरकार से मांग की कि एनएचपीसी द्वारा किए गए वादों को पूरा किया जाए और विस्थापित परिवारों को स्थायी रोजगार व पुनर्वास का अधिकार मिले।

इस प्रभावी पैरवी का असर यह हुआ कि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया और विधानसभा में मुख्यमंत्री की ओर से आश्वासन मिला कि विस्थापितों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। विधायक की इस मजबूत पहल से चंबा के हजारों विस्थापित परिवारों को न्याय की उम्मीद जगी है।

# जिले में 73619 विकास कार्यों के लिए 375 करोड़ शामिल



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला परिषद की विशेष बैठक आयोजित**

ज़िला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद कार्यालय के सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्ष 2024-25 के आय-व्यय पर विस्तृत चर्चा करने के अलावा विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में मनरेगा सेल्फ 2025-26 का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित सेल्फ में विकासखंड जिला के सभी विकास करो के तहत 73619 कार्यों के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 में 375 करोड़ रुपए के कार्य शामिल है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के तहत बनाई गई विभिन्न स्थाई समितियों के निर्णय अनुसार बैठक का आयोजन करना सुनिश्चित बनाया जाएगा।

साथ ही बैठक में यह भी चर्चा की गई कि विभागीय सहायक अभियंता द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अधीन निर्माणाधीन विभिन्न विकासात्मक कार्यों के निरीक्षण के लिए वाहन उपलब्ध करवाया जाए।

चर्चा की गई बैठक में जिला परिषद कार्यालय में कार्यरत एक आउटसोर्स कर्मचारी की समय अवधि खत्म होने पर यह निर्णय लिया गया कि कर्मचारी विभाग की आवश्यकता अनुसार कार्य करता रहेगा जिसके लिए बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में उपाध्यक्ष हकम सिंह, अध्यक्ष पंचायत समिति चम्बा गुरुदेव, खंड विकास अधिकारी भरमौर रमनवीर सिंह चौहान,खंड विकास अधिकारी मैहला बशीर खान सहित जिला परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

## वन अधिकार कानून के तहत पलहुई पंचायत में 32 दावों की जांच संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत पलहुईं, तहसील चंबा, जिला चंबा में वन अधिकार कानून 2006 के तहत वन अधिकार समिति द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति अध्यक्ष मुहम्मद यासीन, सुमन सिंह, रिटायर्ड प्रिंसिपल योगेश, रिटायर्ड नायब तहसीलदार लतीफ मुहम्मद, पूर्व प्रधान प्यार सिंह व अन्य सदस्यों ने भाग लिया। चंबा वन अधिकार मंच से मनोज कुमार और मोहम्मद सहन, एसआरडीए के सदस्य तथा राजस्व विभाग से पटवारी योगेश राणा की उपस्थिति में लगभग 30 से 32 दावेदारों के मामलों की गहन जांच-पड़ताल की गई। इस प्रक्रिया में व्यक्तिगत दावों के तहत प्रस्तुत सबूतों, दावेदारों की पात्रता और दावा की गई भूमि के क्षेत्रफल की बारीकी से समीक्षा की गई।

वन अधिकार कानून 2006 के तहत उन लोगों को वन भूमि पर निवास व खेती के लिए अधिकार प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिनका कब्जा 13 दिसंबर 2005 से पहले का हो। इसके लिए दावेदारों को 2005 से पहले के दो साक्ष्य प्रस्तुत करने अनिवार्य होते हैं। समिति को प्राप्त दावों की जांच-पड़ताल के बाद विभागीय अधिकारी (राजस्व और वन विभाग) द्वारा सत्यापन किया जाता है।

## हिमाचल किसान कांग्रेस चंबा की बैठक 28 को

**चंबा।** हिमाचल किसान कांग्रेस जिला चंबा की त्रैमासिक बैठक 28 मार्च 11बजे शिव दवाला नजदीक शीतलपुल माई बाग में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए किसान कांग्रेस जिला सचिव सुरेश शर्मा ने कहा है कि इस बैठक में जिला के सभी पदाधिकारी को अपनी उपस्थिति दर्ज करना आवश्यक होगा।

ब्लॉक के अध्यक्ष चंबा भरमौर चुराह पांगी भटियात एक भटियात-2 बैठक में जिला किसान कांग्रेस के कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर उपस्थित होंगे। बैठक के बाद आगामी रणनीति तय की जाएगी और साथ ही किस तरह से संगठन को आगे बढ़ाया जाएगा इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी।

# डाक सेवा बोर्ड के सदस्य ने किया जिले का दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

डाक सेवा बोर्ड दिल्ली सदस्य (संचालन) हरप्रीत सिंह ने 25 मार्च को आकांक्षी जिला चम्बा का आज दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ विशन सिंह निदेशक डाक सेवाएं हिप्र, अधीक्षक डाकघर चंबा राजिव गुरुंग, सहायक अधीक्षक डाकघर चम्बा बलजीत कुमार तथा प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक शाखा चंबा आदित्य सूर्या भी उपस्थित रहे।



**डाकघरों का दौरा कर अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए निर्देश**

इस कड़ी में सर्वप्रथम उन्होंने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात की तथा आकांक्षी जिला चंबा में डाक विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं का बेहतरीन क्रियान्वन कर जिला वासियों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला चंबा में डाक विभाग द्वारा प्रदान की जा रही बचत बैंक सेवाओं जैसे डाकघर बचत बैंक, सुकन्या समृद्धी योजना, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से डायरेक्ट बेनिफिशियरी ट्रांसफर सुविधा का लाभ, डाक जीवन बीमा, व अन्य सेवाओं को आमजन तक बेहतर तरीके से पहुंचाने वारे तथा आकांक्षी जिला को सुदृढ़ बनाए जाए के बारे मे अच्छी सुबिधाएं प्रदान करने का भरोसा दिया।

इसके पश्चात डाक सेवा बोर्ड सदस्य (संचालन) हरप्रीत सिंह द्वारा शाखा डाकघर रजेरा, उप डाकघर हरदासपुरा तथा प्रधान डाकघर चंबा का दौरा भी किया गया तथा विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने डाक विभाग के अधिकारिओं व कर्मचारिओं आम जन के लिए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने बारे भी निर्देशित किया।

# वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट होना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रदेश में अब ई-डिटेक्शन सिस्टम लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है जिसके लिए सभी प्रकार के निजी व वाणिज्यिक वाहनों हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगी होना अनिवार्य है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चंबा राम प्रकाश ने आज यहां दी।

उन्होंने बताया कि जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगी होगी उनके वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 192 के अंतर्गत चालान हो सकता है। यही नहीं बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले वाहनों से संबंधित कोई भी कार्य नहीं किया जा सकेगा। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की सहायता से सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके टोल प्लाजा पर गुजरने वाली हर गाड़ी के दस्तावेजों की जांच की जाती है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चंबा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2011-12 से सभी वाहनों में एचएसआरपी लगाना अनिवार्य हो गई थी। एचएसआरपी की विशेषता यह है कि यह उच्च गुणवता वाले एल्यूमीनियम से बनी होती है, जिसमें एक लेजर कोड और एक स्थायी पहचान संख्या और पंजीकरण चिन्ह शामिल होता हैं प्लेट में रिफलेक्टिव शीट का उपयोग होता है।

# विवादित नारे लगाने पर 10 आरोपियों की हुई शिनाख्त

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी के नगर परिषद क्षेत्र सुंदरनगर में खालिस्तान जिंदाबाद के विवादित नारे लगने वाले प्रकरण में पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने मामले में संलिप्त सभी 10 आरोपियों की शिनाख्त कर ली है। हैरानी बात यह है कि मामले में 6 आरोपी नाबालिग हैं और अधिकतर झुग्गी-झोपड़ी और एक सुंदरनगर का स्थायी निवासी है। पुलिस ने अन्य 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिगों को पुलिस ने नियमानुसार उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। आरोपियों से प्रारंभिक जांच में पुलिस को विवादित नारेबाजी के पीछे किसी से कोई तार जुड़े नहीं पाए गए हैं। वहीं पुलिस

**मामले में 6 आरोपी निकले नाबालिग अन्य 4 आरोपी गिरफ्तार**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

थाना सुंदरनगर ने सब डिवीजन न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र शर्मा के शिकायत पत्र के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 समुदायों में धार्मिक आधार पर घृणा को बढ़ावा देने के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता जितेंद्र शर्मा पुत्र रमेश चंद शर्मा गांव खतरवाड़ी डाकघर अप्पर बैहली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी एवं अधिवक्ता सब डिविजनल न्यायालय परिसर सुंदरनगर ने पुलिस को दिए अपने शिकायत पत्र में कहा है कि बीते 22 मार्च को सुंदरनगर शहर के भोजपुर बाजार में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए हैं। जितेंद्र शर्मा का कहना है कि यह घटना क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए खतरे का संकेत हो सकती है और समाज में एकता तथा भाईचारे को बिगाड़ने का प्रयास हो सकता है। उन्होंने शिकायत में कहा कि इस घटना से शहर की कानून व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप समाज में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

**आखिर क्या है मामला**

**राज्य स्तरीय** नलवाड़ मेला सुंदरनगर की पहली सांस्कृतिक संध्या खत्म होने के बाद बीते शनिवार को युवाओं की एक टोली ने सुंदरनगर शहर के भोजपुर में पर सरेआम खालिस्तान जिंदाबाद के विवादित नारे लगाए थे। इस कारण पूरी रात सुंदरनगर शहर के लोगों डर का माहौल बना रहा। यह घटना शनिवार देर रात 10 और 11 बजे के मध्य पेश आई थी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने नगर परिषद सुंदरनगर के भोजपुर बाजार से लेकर अन्य क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच और लोगों से प्राप्त जानकारी के बाद विवादित नारेबाजी में संलिप्त आरोपियों की शिनाख्त की गई। पुलिस ने अब सभी आरोपियों की शिनाख्त कर ली है।

# रायपुर विद्यालय को मिला उत्कृष्ट विद्यालय का पुरस्कार



**अनंत ज्ञान, भटियात**

डीआईईटी सरू में जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति पुरस्कार समारोह एवं उत्कृष्ट अध्यापक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एडीएम चंबा, अमित मेहरा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि उपनिदेशक उच्च शिक्षा, भाग सिंह, उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, बलबीर सिंह, एवं उप निदेशक गुणवत्ता नियंत्रण, कमलेश ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति को मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री विकास सिंह, सदस्य शबनम, सुषमा देवी, पिंकी देवी, रिम्पी देवी, तथा विद्यालय से पूनम शर्मा, शुभलता, चुनी लाल, एवं अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। समारोह के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं पीएम नोडल अधिकारी रोहित शर्मा एवं सामुदायिक सहभागिता प्रभारी डॉ. कविता बिजलवान की देखरेख में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

### सूडोकु नवताल- 7381 (***** मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## गायक एसी भारद्वाज का 'बांकी पहाड़न' गाने का पोस्टर लॉन्च

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध गायक एसी भारद्वाज के नए गाने बांकी पहाड़न का पोस्टर मंगलवार को सुंदनगर के सुकेत हट में प्रदेश के किया गया।

पोस्टर लॉन्च के अवसर एसी भारद्वाज ने बताया कि उनके नए गाने बांकी पहाड़न को यूट्यूब उन्होंने खुद लिखा और गाया है और शिमला की प्रिया गौतम ने इस गाने में अभिनय किया है, दी कायरोन कामेश ने संगीत दिया है जबकि त्रिनेत्रा हॉउस प्रोडक्शन द्वारा इस गाने का फिल्मांकन किया गया है।

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को कब मिलेगा उनका हक : दलीप



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट ।** सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने खेलो से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न विधानसभा में पूछा। हिमाचल प्रदेश सरकार का कहना है कि खेलों को बढ़ावा देने में सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विधायक ने पूछा कि प्रदेश में ऐसे कौन-कौन से खेल हैं जो निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हुए भी अभी तक 3 प्रतिशत आरक्षण के दायरे में नहीं आए हैं? विभाग ऐसे खेलों को इस विशेष आरक्षण श्रेणी में शामिल करने की योजना बना रहा है? साथ ही विधायक ने पूछा कि क्या नेटबॉल खेल मानकों को पूरा करता है? संबंधित मंत्री ने उत्तर दिया कि प्रदेश में ऐसे 20 खेल हैं जो सभी मानकों को पूरा करते हैं, फिर भी अब तक 3 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिला है!

## अनंत ज्ञान — आज का पंचांग

**26 मार्च, 2025, बुधवार**

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** द्वादशी (01:46): **नक्षत्र** धनिष्ठा (02:30), **पक्ष:** कृष्ण, **योग** : सिद्ध (12:25) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:27-01:59)।

**विशेष दिन**

- 26 मार्च 2025 : पंचक आज से होंगे प्रारम्भ।
- 27 मार्च 2025 : मासिक शिवरात्रि कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**वृषभ:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन:** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कर्क:** मेहमानों का आगमन होगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कन्या :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला:** स्वास्थ्य लाभ में होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मकर :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुंभ :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**कृषि** — सेरीकोठी पंचायत में किसान मेले आयोजित

# प्राकृतिक खेती से स्वास्थ्य में होगा सुधार : सोहन लाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा मंडी द्वारा सुंदरनगर ब्लॉक की पंचायत सेरीकोठी में भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के अंतर्गत किसान मेले का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक और सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि सोहन लाल ठाकुर ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया, इससे किसानों की आय दुगनी होने के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य भी अच्छा हो सके और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को भी बेहतर किया जा सके। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागृत किया तथा भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के लाभ के बारे में बताया। सोहनलाल ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने व मोटे अनाज जैसे कोदरा, कंवनी, देसी नस्ल की गाय को पालने व अपनी जमीन को केमिकल रहित करने के साथ स्वास्थ्य को प्राकृतिक खेती द्वारा सुधारने के लिए लिए प्रेरित किया।



**खेती से किसानों की आय भी होगी दुगनी**


## कार्यालय ग्राम पंचायत मकोल
विकास खंड पंचरूखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

प्र. सं. 05 — दिनांक 25/03/2025

पंचायत बैठक में समस्त उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों के सामने सामूहिक रूप से प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत मकोल में वर्ष 2025-26 में सभी मदों के कार्यों के लिए सामग्री आमंत्रित की जानी है। इस लिए सामग्री सप्लायरों को अखबार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपनी-अपनी निविदाएं दिनांक 09.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक डाक द्वारा बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत मकोल में पहुंच जानी चाहिए। इसके बाद निविदाएं मान्य नहीं होंगी।

**सामग्री का विवरण:-** क्रशर बजरी, क्रशर रेत प्रति घन फुट, स्टोन प्रति पत्थर, बोल्डर प्रति घन फुट, शटरिंग लकड़ी व लोहा प्रति वर्ग फुट, सीमेंट, सीमेंट स्टोर से कार्य स्थल तक सीमेंट ढुलाई एवं सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन व पंचरूखी से कार्यालय मकोल तक गाड़ी किराया एवं ईंट प्रति ईंट, सरिया प्रति कि. ग्रा.।

**शर्तें:-** निविदाकर्ता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। सामग्री आपूर्ति सप्लाई ऑर्डर के दो दिनों के भीतर-भीतर उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। व सामग्री की गुणवत्ता ठीक न होने के कारण निविदा को रद्द किया जा सकता है। बिलों के साथ एम फार्म होना अनिवार्य होंगे। अन्यथा बिलों के भुगतान रोक दिया जाएगा। दिनांक 09.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे के बाद गठित कमेटी व पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति में निविदाएं खोल दी जाएंगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मकोल**
**विकास खंड पंचरूखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

मैं एक समुदाय की प्रगति को उस डिग्री से मापता हूं जो महिलाओं ने हासिल की है। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय रही है। यह मानना पड़ेगा कि राज्य के ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में आज भी चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है और अधिकांश लोगों को इलाज के लिए अन्य राज्यों का रुख करना पड़ता है। हिमाचल विधानसभा में विपक्ष ने इस महत्वपूर्ण मसले को लेकर प्रदेश में बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सत्ता पक्ष को घेरा। विपक्ष का आरोप था कि अस्पतालों में न तो दवाइयां हैं, न ही डॉक्टर। इसके अलावा, सरकार ने बजट भाषण में रोबोटिक सर्जरी की बात की, लेकिन यह सवाल उठाया जा रहा है कि ऐसे तकनीकी बदलाव हिमाचल जैसे राज्य में कैसे संभव होंगे, जहां आर्थिक स्थिति कमजोर है। चूंकि हिमाचल पहाड़ी राज्य है, जहां की जनसंख्या का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण इलाकों में बसा हुआ है। इन क्षेत्रों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है। आईजीएमसी शिमला, टांडा मेडिकल कॉलेज और एम्स बिलासपुर जैसे कुछ प्रमुख अस्पतालों को छोड़कर, राज्य के अधिकांश हिस्सों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं बेहद सीमित हैं। इनमें से कुछ अस्पतालों में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी है और कई अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा उपकरण और दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं।

इसके कारण लोगों को अक्सर बाहरी राज्यों का रुख करना पड़ता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा संकट यह है कि राज्य के अधिकांश अस्पतालों में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं, न ही जरूरी दवाइयां और चिकित्सा उपकरण। सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर, एक्स-रे मशीन, लैब टेस्ट जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। अगर कुछ सुविधाएं हैं भी, तो वे महज दिखावे के लिए हैं। कुछ क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी इतनी ज्यादा है कि एक डॉक्टर को कई किलोमीटर दूर के गांवों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उसकी कार्यकुशलता और इलाज की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। विपक्ष ने यह आरोप लगाया कि सरकार के बजट भाषण में रोबोटिक सर्जरी की बात की गई, लेकिन यह तकनीकी कदम वास्तविकता से कोसों दूर है। यह सही है कि रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों को लागू करने में समय लगता है और हिमाचल में इसे लागू करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा।

रोबोटिक सर्जरी को लागू करने के लिए न केवल अत्याधुनिक उपकरणों की जरूरत होती है, बल्कि प्रशिक्षित डॉक्टरों और सर्जनों की भी आवश्यकता होती है, जो इस तरह की सर्जरी को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से कर सकें। हिमाचल जैसे राज्य में, जहां संसाधनों की कमी है, यह एक जटिल कार्य हो सकता है। हिमाचल की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को सुधारने के लिए राज्य सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं का बुनियादी ढांचा सुधारना बहुत ही जरूरी है। राज्य में सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा केंद्रों में दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों और डॉक्टरों की उपलब्धता को सुनिश्चित करना होगा। हर जिले और ब्लॉक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति को बेहतर बनाना होगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इलाज की सुविधा मिल सके। डॉक्टरों और चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है। हिमाचल सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले डॉक्टरों और विशेषज्ञों की भर्ती के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा में सुधार, डॉक्टरों के लिए बेहतर वेतन और कार्य वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता होगी। पहाड़ी इलाकों में दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थित लोगों को इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचने में समस्याएं आती हैं। ऐसे में टेलीमेडिसिन एक अच्छा समाधान हो सकता है।

हिमाचल सरकार को टेलीमेडिसिन सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी संसाधनों में निवेश करना चाहिए, ताकि लोग घर बैठे ही विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकें। स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता देने की भी जरूरत है। सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए, ताकि लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक हों और समय पर उपचार ले सकें। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कम है, ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। सरकार को निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य संगठनों के साथ साझेदारी करके स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। यह साझेदारी सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की कमी को पूरा कर सकती है और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर सकती है। चिकित्सकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि वे आधुनिक तकनीकों से लैस हो सकें। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी। ■

# मंडयाली धाम : पाक कला की अमूल्य धरोहर

हिमाचल प्रदेश का नाम लेते ही पहाड़ों की ठंडी हवा, देवदार के घने जंगल, बुरांस के गहरे लाल फूल और यहां की समृद्ध संस्कृति का ख्याल आता है। इन्हीं पहाड़ों की गोद में बसी छोटी काशी मंडी अपनी प्राचीन परंपराओं, देव संस्कृति और अनूठी पाक कला के लिए जानी जाती है।



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

यहां का पारंपरिक भोज मंडयाली धाम न केवल स्वाद का अद्भुत संगम है, बल्कि यह क्षेत्र की परंपरा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। शुभ अवसरों, त्योहारों और शादियों में परोसा जाने वाला यह भोज हिमाचली व्यंजनों की सादगी और स्थिरता का प्रतीक है। स्वाद और पोषण के अलावा, मंडयाली धाम का वैज्ञानिक, पोषणीय और पारंपरिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है। यह भोज आयुर्वेद के सिद्धांतों पर आधारित होता है, जिसमें शुद्ध शाकाहारी व्यंजन बनाए जाते हैं। धाम हिमाचल के पर्वों, धार्मिक उत्सवों और विवाह समारोहों की शोभा बढ़ाती है। यह भोज एक ऐसा अनुभव है, जो न केवल जीभ पर स्वाद का जादू बिखेरता है, बल्कि आत्मा को तृप्त करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका का साधन भी है।

**मंडयाली धाम : एक अनोखी विधि**

मंडयाली धाम को शुद्ध घी और देसी मसालों के साथ तैयार किया जाता रहा है, जो इसे विशिष्ट स्वाद और सुगंध प्रदान करते हैं। इसे बनाने का जिम्मा बोटी यानी रसोइयों पर होता है। ये रसोइये पारंपरिक तरीके से पीढ़ियों से इस कला को संजोए हुए हैं। बोटी धाम तैयार करने में बहुत ही विशेष ध्यान देते हैं और इसे आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से संतुलित रखने का प्रयास करते हैं। रसोई घर में कोई भी व्यक्ति चप्पल या जूतों के साथ प्रवेश नहीं कर सकता ताकि साफ-सफाई और शुद्धता बनी रहे।

धाम को बड़े तांबे या पीतल के बर्तनों में पकाया जाता है, जिन्हें स्थानीय भाषा में चरोटियां कहते हैं।



इसकी तैयारी के दौरान हर व्यंजन की अपनी अनूठी प्रक्रिया होती है। सबसे पहले मीठा तैयार किया जाता है, जिसे भोजन का प्रारंभिक व्यंजन माना जाता है। इसके बाद अन्य व्यंजन जैसे मदरा, सेपू बड़ी या धोतुंआ दाल, कद्दू का खट्टा, कोल का खट्टा, मटर पनीर, माह की दाल और कढ़ी इत्यादि क्रम से परोसे जाते हैं। पहले, हर परिवार धाम के लिए थोड़ा-थोड़ा देसी घी का योगदान करता था, लेकिन यह प्रथा अब कुछ गांवों तक सीमित रह गई है।

**प्रमुख व्यंजन और उनकी विशेषताएं**

**मीठा :** आमतौर पर सूखे मेवों और बदाणा या कद्दू से बनाया जाता है, जो बेहद स्वाद और पाचक होता है।

**सेपू बड़ी :** उड़द दाल की बड़ी को पालक या बेसन की ग्रेवी में विशेष रूप से पकाया जाता है।

**मदरा :** राजमा को दही और देसी घी में पकाया जाता है।

**कद्दू का खट्टा :** इमली और गुड़ के साथ बनाया जाने वाला खट्टा-मीठा व्यंजन।

**कोल का खट्टा :** स्थानीय स्वाद का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यंजन।

**माह की दाल :** घी और मसालों में पकाकर तैयार की जाती है।

**कढ़ी :** बेसन और दही से तैयार, स्वादिष्ट और सुगंधित।

मंडयाली धाम के ये व्यंजन न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि इनमें गहराई से जुड़ी हुई परंपरा और पोषणीय गुण हैं। इसमें उपयोग किए जाने वाले मसाले औषधि की तरह काम करते हैं। दालें और बेसन प्रोटीन, चावल और मीठा कार्बोहाइड्रेट, घी वसा, सब्जियां और दालें खनिज तथा फाइबर के पूरक होते हैं। मंडयाली धाम के व्यंजनों को जिस क्रम में परोसा जाता है, वह स्वाद के साथ-साथ आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होता है। यह पाचन तो बढ़ाता ही है तथा त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) को संतुलित करने में भी सहायक माना जाता है। हालांकि, मीठा परोसने में विभिन्नता देखने को मिलती है। मंडी शहर में तो यह सबसे पहला परोसा जाने वाला व्यंजन है, परंतु आस-पास के क्षेत्रों में इसे दूसरे व्यंजन के रूप में परोसा जाता है। अगर धाम में बनने वाले व्यंजनों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि इसमें उड़द दाल (काली दाल) का प्रमुख स्थान है। इस दाल का वर्चस्व मंडयाली धाम के व्यंजनों में इतना है कि इसके बिना धाम अधूरी सी लगती है।

**पत्तलों का उपयोग : पर्यावरण और स्वास्थ्य का मेल**

मंडयाली धाम को पारंपरिक पत्तलों में परोसा जाता है, जो टौर के पत्तों से बनाई जाती हैं। ये पत्तलें पूरी तरह से जैव-अपघटनीय होती हैं और पर्यावरण के प्रति हिमाचली जीवनशैली के जुड़ाव को दर्शाती हैं। टौर के पत्ते अपने एंटीबैक्टीरियल और रोगाणुरोधक गुणों के लिए जाने जाते हैं। इन पत्तों से भोजन का स्वाद बढ़ता है और पाचन तंत्र ठीक रहता है।

**सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व**

मंडयाली धाम हिमाचल की संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। इसे सामूहिक रूप से जमीन पर बैठकर खाया जाता है, जो समाज में समानता और एकता का संदेश देता है। यह भोजन न केवल हिमाचली संस्कृति को जीवंत रखता है, बल्कि स्थानीय समुदायों को जोड़ने का भी काम करता है। धाम के आयोजन में समाज का हर वर्ग भाग लेता है।

**मंडयाली धाम का भविष्य**

आज के बदलते दौर में जब युवा पीढ़ी फास्ट फूड कल्चर की ओर आकर्षित होती जा रही है मंडयाली धाम जैसी पारंपरिक प्रथाएं आधुनिकता की दौड़ में कहीं खोती जा रही हैं। इसलिए इस धरोहर को संरक्षित करने के लिए सरकार और स्थानीय लोगों को मिल कर काम करने की जरूरत है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# अत्यंत कष्टकारी होता निर्धनता का बुढ़ापा

मनुष्य का जीवन मुख्यत: तीन स्थितियों से गुजरता है। बचपन मस्त होता है तथा यौवन आते ही पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करना पड़ता है। उम्र ढल जाने से शारीरिक कष्ट भी बढ़ने लगता है। जीवनभर कड़ी मेहनत से अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण करने वाला व्यक्ति जब 60 आयु पार कर लेता है।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

तब उसका शरीर भी जवाब देने लगता है। कई बीमारियां उसे घेरने लगती है। उसे दो जून की रोटी के साथ दवा-दारू की भी जरूरत रहती है। कोई व्यक्ति सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हुआ हो। उसे गुजारे लायक पेंशन मिल जाती है, लेकिन जिस व्यक्ति ने जीवनभर मेहनत मजदूरी करके बड़ी मुश्किल से अपने घर में चुल्हा जलाया है। उसका बुढ़ापा भी अत्यंत कठिनाई से गुजरता है। उन्हें जरूरत की हर छोटी बड़ी चीज के लिए दूसरे पर ही निर्भर होना पड़ता है। यदि बेटे सरकारी नौकरी पर हो तथा संस्कारी हो तो उनके बुजुर्ग माता-पिता को कोई ज्यादा कठिनाई नहीं होती। उनका बुढ़ापा आसानी से कट जाता है, लेकिन जिनके बेटे सरकारी नौकरी पर नहीं होते। उन्हें अपनी जिंदगी बोझ लगने लगती है।

बेटे बेरोजगार हो तो उन्हें घर चलाना मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में उनकी नजरें सरकार की ओर लगी रहती है। अब समय बहुत तेजी से बदल रहा है। संयुक्त परिवार टूटते-टूटते एकल परिवार बन गए। आत्मीयता के रिश्ते कमजोर होने लगे हैं। एकल परिवार में अब पति-पत्नी और बेटा-बेटी चार या पांच सदस्यों तक सीमित हो गए हैं। ऐसे में यदि किसी घर में सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त बुजुर्ग हैं। वह तो जैसे-तैसे अपना गुजारा कर लेते हैं। उन्हें यही रहता है कि वह अपने को अकेले महसूस करते हैं, लेकिन यदि उसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन मात्र एक हजार रुपए मासिक मिलते हैं। तब उन्हें अपने हाल पर ही जीना पड़ता है।



प्रदेश में पूर्व भाजपा की जयराम सरकार ने पात्र बुजुर्ग पुरुष और महिलाओं जिनकी आयु साठ वर्ष हो गई थी तथा जो इनकम टैक्स नहीं देते थे। उन्हें एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन की सुविधा प्रदान की थी।

65 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को एक हजार 150 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी। जबकि 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी महिलाएं चाहे उनके पति सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें सभी को पेंशन दी गई। वर्तमान कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे करने के बावजूद बुजुर्गों की पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं की। इससे उन बुजुर्गों में रोष व्याप्त हैं। जिनके परिवार से कोई सदस्य सरकारी नौकरी पर नहीं हैं। उन्हें अपना समय व्यतीत करना मुश्किल हो गया है। बुजर्गों के कमजोर शरीर में कई बीमारियां लग जाती है। उन्हें अपने लिए दवा-दारू की भी जरूरत रहती है। ऊपर से महंगाई से सबसे अधिक असर बुजुर्गों पर ही पड़ता है। होना तो यह चाहिए था कि 50 हजार रुपए की वार्षिक आय के बुजुर्गों को कम से कम 5 हजार रुपए मासिक पेंशन मिलनी चाहिए थी। ताकि उन्हें दो जून की रोटी का जुगाड़ हो सके। सेवनिवृत्त कर्मचारियों को 30 हजार रुपए से अधिक की मासिक पेंशन मिलती है।

तब भी उन्हें गुजारा करना मुश्किल होता है। उनके मुकाबले एक हजार रुपए मासिक पेंशन लेने वाले की क्या स्थिति होगी। इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। नई पीढ़ी एवं पुरानी पीढ़ी में विचारों में जमीन आसमान की असमानता है। नई पीढ़ी के लोग आधुनिकता से प्रभावित है। इसलिए जो भी काम करते हैं। उन्हें बुजुर्ग पसंद नहीं करते। जिन बजुर्गों ने संयुक्त परिवार में रहकर अपनी जो प्रतिष्ठा पाई थी। अब उन्हें ऐसा मान-सम्मान नहीं मिल रहा है। अब न कोई उन बुजुर्गों की सुनता है और न उन्हें कोई अच्छी-बुरी बात सुनता है। सभी लोग अपने-अपने में मस्त है।

पति-पत्नी अपने-अपने काम-काज में व्यस्त हैं। बच्चे शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। एक समय था जब परिवार की तीन-चार पीढियां परदादा से लेकर पोते तक सभी परिजनों का भोजन एक ही रसोई में पकता था तथा सारा परिवार एक साथ भोजन करते थे। समय मिलने पर बुजुर्ग महिलाएं चरखा चलाती थी। उम्रदराज पुरुष बाण बाटते थे। बुजुर्गों के पास घंटों तक बच्चे बैठते तथा उनसे शिक्षाप्रद लोककथा सुनते। बुजुर्ग उनसे अपनी जिंदगी के खट्टे-मिठ्ठे अनुभव भी साझा करते थे। अब बच्चे मां-बाप की भी कम ही सुनते हैं। दादी-दादी को जरूरी रिश्ता भी नहीं मानते। ऐसे में बुजुर्गों का भविष्य अंधकारमय होकर रह गया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

**जनसंख्या** बढ़ने के साथ ही देश व प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। ग्राम पंचायत के क्षेत्रों में कृषि, पशुपालन एवं बागवानी आदि का कार्य बहुत कम हुआ है और पारंपरिक व्यवसाय नाममात्र रह गए हैं। इसके साथ ही लघु एवम कुटीर उद्योग बंद हो गए हैं। गांव स्तर पर रोजगार के साधन न के बराबर हो गए हैं। ग्रामीणों ने अब पहले की तरह कड़ी मशक्कत करनी भी कम कर दी है। इससे उनमें गर्मी व सर्दी सहन करने की भी क्षमता कम हुई है। नतीजतन उन्हें कई तरह की बीमारियां भी घेरने लगी हैं। कृषि से संबंधित आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ जाने से भी पारंपरिक खेती प्रभावित हुई है। पहले जिस खेत में हल चलाने के लिए तीन-चार घंटे लगते थे, अब उसी काम को पावर टिलर द्वारा कुछ ही मिनटों में पूरा कर लिया जाता है और भी कई काम आधुनिक मशीनों से हो रहे हैं। मशीनों में थोड़ी मेहनत से अच्छी चीज बनाई जा सकती है। इसमें समय भी कम लगता है तथा इससे बना उत्पाद भी सस्ता पड़ता है। **रिंकु, कांगड़ा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी भाषा की प्रख्यात कवयित्री

**महादेवी** वर्मा हिंदी भाषा की प्रख्यात कवयित्री हैं। महादेवी वर्मा की गिनती हिंदी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभ सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के साथ की जाती है। आधुनिक हिंदी कविता में महादेवी वर्मा एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरीं। महादेवी वर्मा के गीतों का नाद-सौंदर्य, पैनी उक्तियों की व्यंजना शैली अन्यत्र दुर्लभ है। महादेवी वर्मा अपने परिवार में कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई। उनके परिवार में दो सौ सालों से कोई लड़की पैदा नहीं हुई थी, यदि होती तो उसे मार दिया जाता था। दुर्गा पूजा के कारण आपका जन्म हुआ। आपके दादा फारसी और उर्दू तथा पिताजी अंग्रेजी जानते थे। माताजी जबलपुर से हिंदी सीख कर आई थी, महादेवी वर्मा ने पंचतंत्र और संस्कृत का अध्ययन किया। महादेवी वर्मा का जन्म होली के दिन फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। महादेवी वर्मा के पिता गोविंद प्रसाद वर्मा एक वकील थे और माता हेमरानी देवी थीं। महादेवी वर्मा के माता-पिता दोनों ही शिक्षा के अनन्य प्रेमी थे। महादेवी वर्मा को 'आधुनिक काल की मीराबाई' कहा जाता है। उन दिनों के प्रचलन के अनुसार महादेवी वर्मा का विवाह छोटी उम्र में ही हो गया था, परंतु महादेवी जी को सांसारिकता से कोई लगाव नहीं था, अपितु वे तो बौद्ध धर्म से बहुत प्रभावित थीं और स्वयं भी एक बौद्ध भिक्षुणी बनना चाहतीं थीं। विवाह के बाद भी उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी। ■



महादेवी वर्मा
जन्म : 26 मार्च, 1907
मृत्यु : 11 सितंबर, 1987

# असंख्य हिंदू मंदिरों को तोड़ने के इतिहास का नाम है 'औरंगजेब'

औरंगजेब एक धर्मांध शासक था। औरंगजेब ने इस्लाम को राज्य धर्म बनाया। बहुसंख्यक हिंदुओं को इस्लाम धर्म में परिवर्तित किया। उसने सामाजिक, राजनीतिक दुर्व्यवहार किया। वह कभी भी सर्व समाज का हितैषी नहीं रहा।



लेखक : अरुण कुमार दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संपूर्ण मानवता के लिए कभी स्वीकार करने वाला शासक नहीं बन पाया। साम्राज्य जरूर बढ़ता गया। उसने हिंदुओं के प्रति ही नहीं शिया मुसलमानों के प्रति भी घृणित आचरण किया। राज्य की सेवाओं में शियाओं को औरंगजेब ने पृथक कर रखा था। औरंगजेब की क्रूरता की पराकाष्ठा इस सीमा तक थी, कि उसने हिंदुओं पर (जजिया) तीर्थ कर व्यापारिक कर जैसी कठोरताएं की थी। हिंदुओं को भारत में ही अपमानित करने के साथ उसने राज्य की सेवाओं से हटाने की भी कार्रवाई की थी। असंख्य हिंदू मंदिरों को तोड़ने, देवी-देवताओं की मूर्तियों को अपमानित कर तोड़ने के इतिहास का नाम है औरंगजेब। औरंगजेब ने कभी मानवीय मूल्यों को नहीं समझा। वह भारत को दारुल हरब में परिवर्तित करने के लिए जीवन भर जुटा रहा। प्रत्येक भारतवासी को यह बात समझना होगा कि वह विदेशी हमलावर था। वह लाखों कत्ल करने वाले तैमूरलंग, बाबर, नादिरशाह, गजनी, गोरी, गाजी, खिलजी की तरह लुटेरा युद्ध पिपासु था। इन विदेशी आक्रांताओं ने लगातार मंदिरों,नगरों, गांवों को लूटा। कत्लेआम किया। भारत की संस्कृति, सभ्यता को तहस-नहस करने में कोताही नहीं बरती। बावजूद इसके भारत में इनकी तरफदारी करने वाले अनेक लोग सक्रिय हैं। औरंगजेब को लेकर पूरे राष्ट्र में बहस है। एक तरफ बहस में भारत को एक संस्कृति एक राष्ट्र मानने जानने वाले लोग हैं, दूसरी तरफ विदेशी आक्रमणकारियों को उनके सैकड़ों वर्ष मृत्यु के पश्चात गले लगाने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। उनके प्रतीकों को लेकर हल्ला मचा रहे हैं। ऐसी स्थितियां भारत के मन को चिंतित और व्यथित करने वाली हैं। इससे अनेक प्रश्न भी उभर रहे हैं।

भारत के वह लोग जो विदेशी हमलावरों की स्मृतियों को आखिर क्यों सजाने और संवारने को लेकर तत्पर हैं। झगड़े पर आमादा हैं। यह प्रश्न राजनीतिक नहीं है। यह भारत के



'स्व' और भारत की संस्कृति पर हमला है। भारत की रिद्धि, सिद्धि और समृद्धि से जुड़े प्रश्न हैं। इस पर तो बात होनी ही चाहिए कि विदेशी आक्रांताओं का महिमा मंडन करने वाले आखिर चाहते क्या है? औरंगजेब के कालखंड में हिंदू अपने मंदिरों की मरम्मत नहीं कर सकते थे। उसका सीधा आदेश था कि मंदिरों की मरम्मत न करने दी जाए। उसने अपने सूबेदारों को सभी हिंदू मंदिरों एवं पाठशालाओं को तोड़ने की आज्ञा भी दी थी। इससे हिंदू अपने धर्म की शिक्षा का प्रचार प्रसार न कर पाएं।


बनारस का विश्वनाथ मंदिर, मथुरा का केशव देव मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर ध्वस्त किए गए। साथ ही अधिकांश उत्तर भारत के बड़े-बड़े मंदिरों को तोड़ दिया गया था। औरंगजेब के अधीनस्थ हिंदू राजाओं के राज्यों में भी मंदिर, पाठशालाएं ध्वस्त की गईं। इन सभी स्थानों पर औरंगजेब के आदेश अनुसार मस्जिद बनाई गईं। 1679 में हिंदुओं पर जजिया (धार्मिक कर) लगा दिया गया। इसके लिए सभी गैर मुसलमानों को तीन वर्गों में बांटा गया।

हिंदुओं पर तीर्थ यात्रा कर लगाया गया। जबकि मुसलमान तो व्यापारिक कर से भी मुक्त थे। हिंदू व्यापारियों से वस्तुओं के मूल्य का पांच फीसदी धन 'कर' के रूप में लिया जा रहा था। हिंदुओं को लगान और विशेष स्थान की नियुक्तियों से हटा दिया गया था। साल 1674 में गुजरात में धार्मिक अनुदान में हिंदुओं को दी गई भूमि को जब्त कर लिया गया। 1688 में हिंदुओं के त्योहार और उत्सव पर प्रतिबंध लगाया गया था। उसी समय राजपूतों के अतिरिक्त सभी हिंदुओं को पालकी या अच्छे घोड़े की सवारी करने और हथियार रखने से भी रोक दिया गया था। इस तरह की प्रताड़ना का सीधा अर्थ धर्म परिवर्तन ही था। इतिहासकार लेनपूल ने लिखा है, 'अपने इतिहास में मुगलों ने पहली बार एक कट्टर मुसलमान को बादशाह के रूप में देखा। औरंगजेब 40 वर्ष की आयु में बादशाह बना था।' उसकी धार्मिक असहिष्णुता के कार्यों पर विचार करते हुए डॉ. एसआर शर्मा ने लिखा, 'ये सभी कार्य एक योग्य शासक अथवा एक निर्माणकर्ता राजनीतिज्ञ के नहीं थे, बल्कि एक अंधी धर्मांधता का विस्फोट था जो, उन्हें निःसंदेह अन्य सभी क्षेत्रों में मेधावी औरंगजेब के लिए शोभनीय न था।'

औरंगजेब की धार्मिक नीति के विरुद्ध पहला संगठित विद्रोह जाटों ने किया था। मथुरा में वीर सिंह बुंदेला द्वारा बनवाए गए केशव देव मंदिर को तोड़कर उसी स्थान पर मस्जिद स्थापित की। औरंगजेब वास्तव में राजपूतों के स्वतंत्र अस्तित्व को समाप्त करना चाहता था। शिवाजी भारत के राष्ट्रनायक थे। प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य होना चाहिए कि वह राष्ट्र के महत्व एकत्व के जागरण में रहे। विभिन्न संप्रदायों, पंथिक आस्थाओं का लक्ष्य राष्ट्र सर्वोपरि ही होना है। यहीं से वसुधैव कुटुंबकम का राजमार्ग जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## कविता



### वह युवा व जनता बड़ी भाग्यवान है

डॉ. अशोक कुमार चौबे

*वह युवा व जनता बड़ी भाग्यवान है।*
*जिसके पास न किताब है न हाथ में हथियार है।*
*भीख के लिए दो हाथ है।*
*न कोई मंजिल है न सपनों की उड़ान है।*
*धूप से बचने को पेड़ की छांव है।*
*रात सोने को शहर की पटरी ही मकान है।*
*बस पेट भरने के संघर्ष से जी रहा वह इंसान है।*
*न दवा न हास्पिटल की दरकार है।*
*उसे बस भगवान पर विश्वास है।*
*उसके जीवन का सच यही उसकी पहचान है।*
*गरीब लाचार यह भारत का आम इंसान है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सांसदों का वेतन बढ़ने से सरकारी खजाने पर पड़ेगा भारी दबाव

भारत देश की पूंजी मात्र दस फीसदी लोगों के पास है और 90 फीसदी लोग इन्हीं पूंजीवादियों के रहमोकर्म पर जीवित हैं, क्योंकि पूरे देश के नेता इनके गुलाम हैं। आम लोग कहते हैं कि हमने वोट देकर जिस नेता को चुना वह हमारा मसीहा बनेगा। मैं पुराने लेखों में कई बार लिख चुका हूं कि इस लोकतंत्र में देश का हर नेता पूंजीपतियों का गुलाम है। गरीब लोग शेयर मार्केट में पैसा नहीं लगाते पर गरीबों से ठगे हुए पैसों से सरकार अपने मुखियाओं को फंड देती है, ताकि उनकी सरकार पांच साल तक जिंदा रहे। हम किसानों की बात करते हैं, उन्हें जिंदगीभर जीने का साधन नहीं मिला। सरकार ने उन्हें मात्र फंड देना शुरू कर दिया। अगर किसान लोग खेती करना छोड़कर मात्र 6000 रुपए लेकर संतुष्ट हैं तो फिर यह देश विकसित कैसे हो सकता है?



लेखक : प्रवीण कुमार
राष्ट्रीय संयोजक, ओल्ड पेंशन संघ

हिमाचल प्रदेश की बात करें तो पिछले साल एक किसान को हल चलाते हुए देखा। पांच खेत उसके पास थे। वह व्यक्ति पसीने से लथपथ था। उसने कहा कि आज भी वह अपने पाले हुए बैलों से खेती कर रहे हैं। किसान भाई ने कहा कि बाकि खेत नहीं बोए जाते, क्योंकि इनके मालिक विदेशों या अन्य स्थानों पर रह रहे हैं।



एक प्रश्न करता हूं कि क्या जिस देश की जमीनें बंजर हैं उसके बारे में इस देश को नहीं सोचना चाहिए? जिन्होंने इस देश के लोगों को गरीब बनाने का संकल्प लिया है और अपना वर्चस्व बचाने के लिए 10 फीसदी पूंजीवादियों को सपोर्ट कर रहे हैं। हम इतना कहना चाहते हैं कि आप आलीशान कमरों में बैठकर जनता को लूट रहे हैं और जनता के पैसे से लाखों की पेंशन ले रहे हैं। 15000 रुपए फोन भत्ता और साथ ही विदेशों में मुफ्त इलाज की सुविधा। क्या इसी को लोकतंत्र कहते हैं? जिस प्रकार से देश में महंगाई भत्ता बढ़ा है, उससे करोड़ों रुपए का वित्तीय बोझ पड़ेगा। सांसदों और विधायकों का वेतन बढ़ाकर जनता का ही शोषण होगा, क्योंकि यह पैसा भी परोक्ष रूप से उनकी जेब से निकाला जाएगा। इससे देश में एक किस्म से असमानता की भावना पैदा हो सकती है। सरकार ने अब तक मात्र 50 हजार रुपए की एक किस्त जारी की है, जो ऊंट के मुंह में जीरा समान है। हालांकि, प्रदेश सरकार कर्मचारियों को मात्र तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने को तैयार है और मई-जून में इसे देने की तैयारी चल रही है। शंका यह भी है कि कहीं हिमाचल के कर्मचारी फिर न ठगे जाएं। महंगाई भत्ते के बढ़ने से एक और चिंता यह है कि इससे सरकारी खजाने पर भारी दबाव पड़ सकता है, खासकर अगर यह बढ़ोतरी सांसदों और विधायकों तक सीमित नहीं रहती है।

इस तरह के निर्णयों से देश के वित्तीय संसाधनों पर असर पड़ता है और इसके परिणामस्वरूप आम जनता को अप्रत्यक्ष रूप से इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत का इजाफा करना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। सरकार को इस दिशा में और भी समझदारी से कदम उठाने होंगे, ताकि सभी वर्गों के बीच संतुलन बना रहे और कोई भी समूह अत्यधिक प्रभावित न हो। हम आज किसी कर्मचारी की बात नहीं कर रहे, बल्कि देश के प्रधानमंत्री से यह पूछना चाहते हैं कि देश कब विकसित होगा? देश से गरीबी कब दूर होगी? कब देश की पीढ़ी को उनकी पढ़ाई के अनुसार, उन्हें अपने आप को विकसित करने का मौका मिलेगा? क्या देश के सुप्रीम प्रधानमंत्री जी हर व्यक्ति को समानता प्रदान करेंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नशे की सौदागर महिला को 3 माह की जेल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राज्य सरकार के गृह विभाग के आदेशों के बाद पुलिस ने जिला सिरमौर में लंबे अरसे से लगातार नशीले पदार्थों की तस्करी में एक महिला को 3 महीने के लिए सेंट्रल जेल नाहन भेज दिया है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि 44 वर्षीय महिला बबली उर्फ बेबी पत्नी सुरेश कुमार निवासी गांव सलानी, डाकघर सेनवाला तहसील नाहन को डिटेन कर सेंट्रल जेल भेजा गया है। एसपी ने बताया गृह विभाग के आदेशों के बाद आरोपी महिला के ऊपर यह कार्रवाई की गई है। एसपी ने बताया कि यह महिला लगातार नशीले पदार्थों के धंधे को अंजाम दे रही थी। गृह विभाग ने 3 महीने के लिए डिटेन करने के आदेश दिए हैं।

### टीबी की नई दवा, निदान के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा बीएससी नर्सिंग चौथे सेमेस्टर और जीएनएम तीसरे वर्ष के छात्रों ने टीबी सेनेटोरियम धर्मपुर जिला सोलन का शैक्षणिक दौरा किया, जहां उन्हें टीबी और इसके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इसका उद्देश्य एनटीईपी कार्यक्रम के लक्ष्यों, रणनीतियों और कार्यान्वयन पर एक नर्स की भूमिका को समझने एवं उनके बारे में व्यवहारिक ज्ञान का अनुभव और छात्रों में गहन समझ को विकसित करना था। टीबी सेनेटोरियम के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को ओपीडी ब्लॉक, आईपीडी ब्लॉक, प्रयोगशाला और राज्य टीबी दवा स्टोर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने छात्रों को टीबी की नई दवा और इसके निदान के बारे में भी विस्तार से बताया।

### तरसेम भारती बने परिषद के प्रदेश अध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा की प्रदेश कार्यसम्मति के सदस्य एवं इंडोर क्रिकेट एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष तरसेम भारती को अखिल भारतीय उपभोक्ता कल्याण परिषद (पंजीकृत, भारत सरकार एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं वितरण मंत्रालय) का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसकी औपचारिक घोषणा पिंजौर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान की गई। कार्यक्रम में परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नियुक्ति पर तरसेम भारती ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और सरकार की जनहितैषी नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करवाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उनकी इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों एवं व्यापारिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी और भविष्य में उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए उनके नेतृत्व की सराहना की।

### आईआईटी रोपड़ व शूलिनी में एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अत्याधुनिक शोध और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय ने (प्रौद्योगिकी नवाचार हब), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य अनुवाद संबंधी शोध, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और कौशल विकास में परिवर्तनकारी प्रगति को बढ़ावा देना है। एमओयू पर प्रो. प्रेम कुमार खोसला, शूलिनी विश्वविद्यालय और डॉ. पुष्पेंद्र पी सिंह, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट, परियोजना निदेशक आईआईटी रोपड़ ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, दोनों संस्थानों ने एक साइबर फिजिकल सिस्टम प्रयोगशाला शुरू करने की प्रतिबद्धता जताई, जो अग्रणी शोध और अंतः विषय तकनीकी विकास के लिए एक कंद्र के रूप में काम करेगी। इसके अतिरिक्त समझौता ज्ञापन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एक्स में एक संयुक्त माइनर प्रोग्राम की शुरुआत का मार्ग प्रशस्त करता है, जिसमें 15 क्रेडिट शामिल हैं। लर्निंग बाय प्रैक्टिस पद्धति के साथ तैयार किए गए इस कार्यक्रम को सीपीएस लैब के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा और यह छात्रों को शूलिनी विश्वविद्यालय और आईआईटी रोपड़ से संयुक्त प्रमाणन प्रदान करेगा।

### प्रतिभा सिंह ने सुरेंद्र के घर पहुंचकर जताई संवेदना

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने सोलन में सुरेंद्र सेठी के घर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी रेनू सेठी के स्वर्गवास पर शोक व्यक्त किया। वह तकरीबन 4:30 बजे आधा घंटा वहां रहीं और उन्होंने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके बाद तकरीबन 5:15 बजे वह वापस शिमला लौट गईं।

### राज्यपाल शुक्ल आज नाहन के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 26 मार्च को प्रातः 10 बजे क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, धौलाकुंआ, जिला सिरमौर में आयोजित किसान मेला एवं नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी कार्यकारी उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा ने दी।

### मरीजों को घरद्वार मिलेगी एक्स-रे की सुविधा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिले में अब मरीजों को घरद्वार पर मोबाइल एक्स-रे की सुविधा मिलेगी। यूको बैंक सोलन की ओर से स्वास्थ्य विभाग को 26 लाख रुपए की पोर्टेबल मोबाइल एक्स-रे मशीन डोनेट की है। इस मशीन से जिले भर में रोगियों को सबसे अधिक फायदा होगा और क्षय रोग की पहचान समय पर की जा सकेगी। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग के पास मोबाइल एक्स-रे मशीन नहीं थी, जिससे विभाग को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। डीसी कार्यालय सोलन में क्षय रोग दिवस के अवसर पर क्षय रोग मुक्त पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूको बैंक सोलन ने सीएसआर बजट के तहत 26 लाख रुपए की मोबाइल एक्स-रे मशीन स्वास्थ्य विभाग को डोनेट की। यूको बैंक के अंचल प्रमुख प्रदीप आनंद केसरी ने कहा कि मोबाइल एक्स-रे मशीन से यदि एक भी व्यक्ति की जान बचती है, तो उनके द्वारा दिया गया यह दान सफल होगा।

# सोलन में सरकारी आवासीय कॉलोनी में पाए गए पानी के अवैध कनेक्शन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन शहर में करीब चार दशक पहले बनी सरकारी विभागों की आवासीय कॉलोनियों में पानी के अवैध कनेक्शन लगे होने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है।

इस बात का खुलासा नगर निगम के सर्वे में हुआ है। पता चला कि आज तक सरकारी कर्मचारी मुफ्त में ही पानी की मौज ले रहे थे। हैरानी की बात है कि संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने इतने वर्ष नगर निगम के पानी का उपयोग तो किया पर बिल जमा नहीं करवाया। अभी तक नगर निगम ने टैंक रोड में बनी आवासीय ऑफिसर कॉलोनी में 44 अवैध कनेक्शन का पता लगाया है, जिसमें से 19 कनेक्शन काटने की कार्रवाई हो चुकी है। बाकी के कनेक्शन भी काटे जाना तय हैं। इससे सरकारी आवासों में रह रहे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है, अब नए कनेक्शन लेने पर ही पानी मिलेगा। साथ ही विभागों से रिकवरी भी हो सकती है। (अनंत ज्ञान)



**नगर निगम सोलन ने अब तक काटे 19 कनेक्शन, विभागों से रिकवरी की तैयारी**



"एमसी ने शहर में पानी के अवैध कनेक्शन का पता लगाने को सर्वे करवाया है, जिसमें सरकारी विभागों की कॉलोनियों में बड़ी मात्रा में अवैध कनेक्शन पाए गए हैं, जिन्हें काटने की कार्रवाई कर पानी की सप्लाई रोक दी है, अब नए कनेक्शन लेने पर ही पानी मिलेगा।

**एकता कापटा, कमिश्नर नगर निगम सोलन।**

### नगर निगम के नोटिस के बाद भी नहीं लिए कनेक्शन

**नगर** निगम ने डेढ़ माह पूर्व कारण बताओ नोटिस जारी किए थे, जिसमें स्पष्ट कहा कि आफिसर कालोनी के टाइप 1, टाइप 2 व टाइप 3 क्वाटर, जहां पर अवैध कनेक्शन लगे है, वहां पर रह रहे कर्मचारी इन्हें अपने नाम पर कर लें, लेकिन निगम के इन नोटिस को कर्मचारियों ने हल्के में लिया। अब कार्रवाई शुरू हो गई है। निगम की माने तो अब इन कनेक्शन की बहाली पिछले बिल की अदायगी के बाद ही होगी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग से रिकॉर्ड लिया जाएगा कि इन सरकारी आवास का आवंटन कब से हुआ है। नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता विनोद पाल की अध्यक्षता में कार्रवाई हुई है। इससे सरकारी आवासों में रह रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। हैरानी की बात यह है कि सरकारी कर्मचारी ही नहीं, बल्कि सरकारी कार्यालय भी निगम के बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि निगम के पानी के बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं की डिफाल्टर लिस्ट में डीसी ऑफिस सोलन व क्षेत्रीय अस्पताल शामिल हो गए हैं। इनके अलावा भी कुछ और सरकारी कार्यालय हैं, जो पानी के बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। निगम ने डेढ़ माह पूर्व इन सरकारी कार्यालयों को बिल का भुगतान करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## प्रदेश दवा गुणवत्ता मानक बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश राज्य दवा नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में उत्पादित की जा रही दवाओं की गुणवत्ता को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि राज्य की दवाएं अपनी गुणवत्ता और सुरक्षित उपयोग के लिए जानी जाएं। मनीष कपूर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में कम गुणवत्ता अथवा खराब दवा बनाने वाले निर्माताओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

इस संबंध में व्यापक जांच के उपरांत यह पाया गया कि अन्य राज्यों में निर्मित खराब गुणवत्ता वाली दवाओं के उत्पादन स्थल के रूप में हिमाचल प्रदेश का नाम लिया जा रहा है। वास्तविकता यह है कि यह दवाएं अन्य राज्यों में निर्मित की गई हैं और यह हिमाचल प्रदेश की विश्व के दवा हब के रूप स्थापित छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास है। इन प्रयासों के कारण समाचारों में खराब दवा उत्पादन के मामलों में अकसर हिमाचल का नाम सामने आ रहा है, जो कि पूर्णतया आधारहीन, भ्रामक एवं तथ्यों से परे है। मनीष कपूर ने कहा कि वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और हरियाणा के खाद्य एवं औषधि प्रशासन प्राधिकरण द्वारा 20 ऐसी दवाओं की जानकारी दी गई, जिनके संबंध में यह कहा गया कि यह दवाएं हिमाचल प्रदेश के सोलन और सिरमौर जिलों में निर्मित की गई हैं। उन्होंने कहा कि ठोस जांच के उपरांत यह सत्यापित हुआ कि इन दवाओं को निर्मित करने वाली कोई भी कंपनी राज्य में स्थापित ही नहीं हैं। इस विषय में संबंधित राज्यों के खाद्य एवं औषधि प्रशासन प्राधिकरण को तुरंत सूचित किया गया और झूठ फैलाने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।

## 600 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में बिजली विभाग ने बिजली बिल जमा न करवाने वाले डिफाल्टर करीब 600 उपभोक्ताओं को कनेक्शन काटने को लेकर नोटिस जारी किए हैं। विभाग ने अभी तक करीब 200 कनेक्शन काटे हैं और निरंतर शहर में विभाग की तीन टीमें बिजली बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करने में लगी हैं। बिजली विभाग के एसडीओ संतोष कुमार ने बताया कि नाहन शहर में करीब 600 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनसे बिजली विभाग को लाखों रुपए का बिजली बिल लेना है। इनमें से करीब 24 सरकारी कार्यालय समेत स्कूल भी हैं, जो समय पर बिजली बिल जमा नहीं करवाते हैं। ऐसे सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं को बिजली विभाग ने कनेक्शन काटने को लेकर नोटिस जारी कर दिए हैं।

## पुलिस ने धर्मपुर में 11 ग्राम चिट्टे सहित दो भाई किए काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

थाना धर्मपुर की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गौरव व उसका भाई चेतन अपने घर में चिट्टा/हरोईन बेचने का धंधा करते हैं तथा दोनों ने अपने घर के नीचे अपने निर्माणाधीन भवन में चिट्टा/हेरोइन रखा हुआ है।

इस सूचना पर पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके निर्माणाधीन मकान में दबिश देकर दोनों युवकों, जिनके नाम व पते गौरव पुत्र हरि गोपाल निवासी गांव बठोल डाकखाना धर्मपुर तह. कसौली जिला सोलन उम्र 23 वर्ष व चेतन पुत्र हरि गोपाल निवासी गांव बठोल डाकखाना धर्मपुर तह. कसौली जिला सोलन उम्र 25 वर्ष मालूम हुए उनको करीब 11 ग्राम



चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल में भेज दिया गया है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में से आरोपी गौरव के खिलाफ पुलिस थाना धर्मपुर में चिट्टा तस्करी का एक मामला पंजीकृत है, जिसमें उक्त आरोपी से 7 ग्राम से ज्यादा चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई थी। मामले में जांच जारी है।

## टीसीपी के महत्व की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

नगर एवं ग्राम योजना विभाग के नगर योजना कार्यालय पांवटा साहिब द्वारा चैंबर ऑफ कॉमर्स गोंदपुर के सभागार में जनजागरण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सहायक नगर योजनाकार द्वारा पांवटा साहिब विशेष क्षेत्र एवं टीसीपी की आवश्यकता व महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने नगर योजना अधिनियम-1977 के अधीन राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित विभिन्न नीतियों एवं नियमों के बारे में बताया। सहायक नगर योजनाकार ने योजनवद्ध निर्माण के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्लॉट का सही आकार होने से ग्राम एवं शहर का भी विकास होगा। मकान के चारों ओर सैट बैक्स, खुले स्थान छोड़ने से मकान में नमी,



सीलन व बीमारियों से मुक्ति, उचित हवा व रोशनी का होना, आग व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, घर के रखरखाव में सुविधा, पार्किंग के लिए जगह, स्वच्छ वातावरण, सर्विस लाईनों के लिए जगह उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सीमित मंजिला मकान बनाने से भूकंप या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा साथ ही सही धूप, रोशनी व हवा का मिलना तथा कम जानमाल का नुकसान होता है। मकान के अंदर पार्किंग होने से सड़कों पर गाड़ियों का आवागमन सुचारू रूप से बनाए रखना व गाड़ी को नुकसान व चोरी से बचाया जा सकता है। भूमि कटाव 3.50 मीटर से अधिक न हो साथ ही भूमि कटान को सही तरीके से करना चाहिए। उन्होंने सोलर प्रावधान तथा डेवलपमेंट प्लान पांवटा साहिब के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जहां पर 8 रिहायशी इकाइयों व 2500 वर्ग मीटर से ज्यादा प्लॉट एरिया है, वहां पर हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना विनियम-7 लागू होंगे व रेरा में पंजीकरण अनिवार्य है।

## विधानसभा का घेराव माफिया राज के विरोध में : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गत ढाई साल के कार्यकाल में सरकार की उपलब्धियों में 40 विधायक अली बाबा चालीस चोर बनकर बैठ गए हैं। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जिस प्रकार से पुलिस का अपराधियों के साथ कनेक्शन और सरकार का उनको संरक्षण उभरकर कर सामने आ रहा है। वह प्रदेश की जनता के प्रति उत्तरदाई नहीं है और ये माफिया राज को संकेत करता है।



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश की जनता को कानून अपने हाथ में लेने के लिए उकसा रहा है। लोकतंत्र की मूल संरचना और भावना के विरोध में यह सरकार कार्य कर रही है कभी तुष्टिकरण का सहारा लेती है, तो कभी सनातन को गाली देती है। प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाएं राजनीतिक अनुभवहीनता को दर्शाती हैं। अधिकारियों की हत्याएं हो रही हैं या आत्महत्या के लिए विवश किया जा रहा है। आपराधिक छवि के अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर नवाजा जा रहा है, जिसके पीछे राजनीतिक माफिया कार्यरत हैं। प्रदेश में गोलीबारी की घटनाएं बरसात की तरह हो रही हैं। पूर्व विधायक हो या छोटे कारोबारी या ढाबा मालिक तक असुरक्षित हैं। चिट्टा माफिया का राजनीतिक गठजोड़ हो या वन माफिया का, खनन माफिया हो या परिवहन माफिया सबके साथ राजनेताओं का चोली दामन साथ हो गया है। केंद्र के आर्थिक सहयोग से लग रहे सोलर पावर प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार हो रहा है कहीं नेशनल हाईवे और रेलवे के प्रोजेक्ट में नेता अपनी हिस्सेदारी ढूंढ रहे हैं।

## लघु नाटिका से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** माता पद्मावती कालेज ऑफ नर्सिंग नाहन की ओर से विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के अवसर पर एक लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने कटोला गांव में नाटक का मंचन कर टीबी और उसके बचाव के बारे में जानकारी दी।

छात्राओं ने बताया कि टीबी जानलेवा रोगों में से एक है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में दो हफ्तों से अधिक समय तक खांसी रहना, लगातार बलगम वाली खांसी, बुखार आना और अत्यधिक पसीना आना शामिल हैं। लोगों को धूम्रपान से बचना चाहिए, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक को ढकना चाहिए, मास्क का प्रयोग करना चाहिए और नियमित स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। साथ ही, व्यायाम और पौष्टिक आहार का सेवन भी आवश्यक है।

## किन्नौर कांग्रेस व बौद्ध धर्म अनुयायियों ने बौद्ध गया की मुक्ति को लेकर निकाली रैली




**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

जिला कांग्रेस कमेटी व किन्नौर बौद्ध धर्म के सैकड़ों अनुयायियों व लामाओं ने मिलकर बौद्ध धर्म के तीर्थ स्थल बौद्ध गया को हिंदुओं से मुक्ति को लेकर रिकांगपिओ में रोष रैली निकाली और रोष रैली में बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने बौद्ध गया में हिंदू अधिकारियों को हटाने व कानून में बदलाव की बिहार सरकार से मांग की।

इस विषय को लेकर किन्नौर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष उमेश नेगी ने कहा कि जिला किन्नौर कांग्रेस कमेटी, बौद्ध धर्म के अनुयायी, लामा गण व अन्य लोगों ने मिलकर देश के बौद्ध धर्म के पवित्र तीर्थ स्थल को हिंदुओं से मुक्ति व बौद्ध गया ट्रस्ट व विभिन्न कमेटियों में मौजूद हिंदू धर्म के अधिकारियों से हटाने को लेकर रिकांगपिओ में रोष रैली निकाली।

बिहार सरकार से बीटीएस कानून-1949 में बदलाव कर हिंदुओं अधिकारियों को हटाकर बौद्ध धर्म के गुरुओं व बौद्ध धर्म के लोगों को सभी ट्रस्ट तीर्थ स्थल की कमेटियों में लेने की मांग की है। देश के बौद्ध गया में जिस प्रकार से हिंदुओं द्वारा भगवान बुद्ध के पवित्र स्थल में अपनी मनमानी की जा रही है, वह सही नहीं है। हिंदुओं के द्वारा बौद्ध धर्म की मूर्तियों के साथ छेड़खानी की जा रही है। इस दौरान बौद्धधर्म के ज्ञाता रोशन नेगी, पूह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम कुमार नेगी, जिला परिषद सदस्य हितेश, कांग्रेस कमेटी के मीडिया पेनेलिस्ट डॉ. सूर्या आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें युवा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन की ओर से गुजरात के अहमदाबाद के धोलका में आयोजित इंटरनेशनल आर्ट एंड कल्चर फेस्टीबल में हिमाचल प्रदेश के युवाओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस फेस्टीवल में देश के 15 राज्यों के युवाओं के अलावा पड़ोसी देश श्रीलंका और इंडोनेशिया के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए गुरुकुल इंटरनेशनल सीसे स्कूल सोलन के जमा दो के छात्र रचित कपूर ने मेरे सपनों का भारत-2047 पर अपने विचार रखे। इस मौके पर रचित ने कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए युवा तैयार रहें। रचित कपूर ने कहा कि मेरे सपनों का भारत बेरोजगारीमुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, भयमुक्त, नशामुक्त और खुशहाल समाज की परिकल्पना की।

**समीक्षा** राहुल जैन ने राष्ट्रीय न्याय अधिनियम के अंतर्गत गठित बैठक की अध्यक्षता की

# अधिकार सुरक्षा के लिए आपसी समन्वय आवश्यक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति, प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा दिव्यांगजन अधिकार संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति एवं राष्ट्रीय न्याय अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता की।

राहुल जैन ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत पंजीकृत मामलों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एक लाख रुपए से लेकर 8 लाख 25 हजार रुपए तक की राहत राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि विभिन्न अधिनियमों का उद्देश्य संबंधित वर्गों को समय पर राहत पहुंचाकर यह सुनिश्चित बनाना है कि भारत के संविधान के अंतर्गत प्रदत्त अधिकार सुरक्षित रहें। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न विभागों का



आपसी समन्वय के साथ कार्य करना आवश्यक है। संबंधित अधिकारी अपने कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। एडीएम ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय का व्यक्तिगत विकास तथा आधारभूत विकास योजनाओं का कार्यान्वयन कर उनका आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक उत्थान करना है। राहुल जैन ने 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर गंभीरता से कार्य करने तथा प्रगति से अवगत करवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आर्थिक क्रियाकलापों के लिए हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम शिमला द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के 23 लोगों को 31 दिसंबर, 2024 तक एक करोड़ 42 लाख 80 हजार रुपए के ऋण वितरित किए गए।

राहुल जैन ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 72 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के तहत वित्त वर्ष 2024-25 में 34 पात्र दिव्यांग छात्रों को 3 लाख 45 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर कार्यशाला व पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए।

### शौचालय न रहे अस्वच्छ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैनुअल स्केवैंजर्स अधिनियम-2013 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता सर्वेक्षण समिति की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एडीएम ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। जन-जन का सम्मान बनाए रखने के उद्देश्य से हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 पारित किया गया। इस अधिनियम के अंतर्गत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के लिए स्वच्छता के दृष्टिगत सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध करवाना आवश्यक हैं, ताकि उनका जीवन सुरक्षित रह सके। राहुल जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोलन में कोई भी शौचालय अस्वच्छ न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि मल, नालियों व मलाशयों की साफ-सफाई के कार्य के समय मशीनों का उपयोग किया जाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम सोलन, सभी नगर परिषद, नगर पंचायत यह सुनिश्चित बनाएं कि इस अधिनियम के नियमों का पूर्ण पालन हो।

## सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

निजी और कमर्शियल सभी प्रकार के वाहनों पर अब हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर चालान काटा जाएगा।

यहां तक कि वाहन भी पंजीकृत नहीं माना जाएगा। इसके लिए प्रदेश ई-डिटेक्शन सिस्टम लागू होने जा रहा है। इसके तहत पहली बार पकड़े जाने पर 3 हजार और दूसरी बार 7 हजार रुपए चालान होगा। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने से वाहन से संबंधित कोई भी काम नहीं करवाया जा सकेगा। यह सिस्टम सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर टोल प्लाजा पर गुजरने वाली हर गाड़ी के दस्तावेजों की जांच करता है। प्रदेश में वर्ष 2011-12 से सभी वाहनों में एचएसआरपी लगानी अनिवार्य की थी। इसकी विशेषता यह है कि यह प्लेट गुणवत्ता वाले एल्यूमीनियम से बनी होती है। इसमें एक लेजर कोड और एक स्थायी पहचान संख्या और पंजीकरण चिह्न होता है। प्लेट में रिफ्लेक्टिव शीट का उपयोग होता है, जो रात में और कम रोशनी की स्थिति में दृश्यता सुनिश्चित करती है। ये सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत उपयोगी है। इसका रंग वाहन के प्रकार और उसकी पंजीकरण श्रेणी से मेल खाता है, जिससे त्वरित दृश्य पहचान में मदद मिलती है। आरटीओ नालागढ़ मदन शर्मा का कहना है कि जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगी है, वह तुरंत ही अपने वाहनों में इसे लगाएं, अन्यथा चालान होंगे। ऐसे वाहन मालिक संबंधित वाहन कंपनी के किसी भी नजदीकी डीलर से निर्धारित फीस जमा करवा एचएसआरपी बनवा सकते हैं।

## अर्की अस्पताल में एनेस्थीसिया व हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी से रोगी परेशान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

**शिमला और सोलन के अस्पतालों में मरीजों का बढ़ रहा अतिरिक्त बोझ**

अर्की अस्पताल में लंबे समय से एनेस्थीसिया विशेषज्ञ व हड्डी रोग विशेषज्ञ के न होने के चलते क्षेत्र में विभाग व स्थानीय नेताओं के खिलाफ भारी रोष पनप रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार हड्डी रोग विशेषज्ञ पदोन्नति के चलते स्थानांतरित हुए हैं एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ का स्थानांतरण होने के पश्चात आज तक किसी की भी प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है। इसके चलते मरीजों व तीमारदारों को शिमला या सोलन के धक्के खाने के साथ ही आर्थिक नुकसान भी सहना पड़ा रहा है।

अर्की अस्पताल में प्रसूता महिलाओं के साथ पेट की बीमारी से पीड़ित लोग भी स्वास्थ्य लाभ के लिए बाहरी पंचायतों से भी आते हैं, लेकिन एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के न होने पर सर्जन को मायूस होकर उन्हें शिमला या सोलन रेफर करना पड़ता है। इसी तरह हड्डी रोग पीड़ित भी केवल एक्स-रे करवाकर बीमारी जान कर शिमला या सोलन जाने के लिए मजबूर हैं। इससे शिमला व सोलन अस्पतालों में भी मरीजों का अतिरिक्त बोझ बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थानीय विधायक के संज्ञान में यह बात है।

उसके बावजूद आज तक महिलाओं व पुरुषों की सर्जरी के लिए आवश्यक एनेस्थीसिया विशेषज्ञ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ अस्पताल में नियुक्त नहीं हो पाए हैं, जबकि अर्की अस्पताल राष्ट्रीय राजमार्ग से कुछ ही दूरी पर है तथा कोई भी हादसा होने पर सबसे पहले अर्की अस्पताल ही नजदीक पड़ता है क्योंकि सोलन या शिमला लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर है, जिसके चलते अर्की अस्पताल केवल रैफर करने वाला यूनिट ही रह गया है। चर्चा का विषय इसलिए है, जब अर्की के विधायक के पास स्वास्थ्य विभाग की कमान थी तो अर्की अस्पताल में चिकित्सकों की कमी नहीं होती थी। प्रदीप शर्मा एमओ इंचार्ज अर्की अस्पताल ने कहा कि इस बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड





ऑरेंज कैप
ईशान किशन
106





पर्पल कैप
नूर अहमद
04



सिक्सर किंग
ईशान किशन
06

| अंक तालिका | | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हैदराबाद | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 2. | आरसीबी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 3. | सीएसके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 4. | दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 5. | लखनऊ | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 6. | मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 7. | केकेआर | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 8. | राजस्थान | 01 | 00 | 01 | 00 |

## आईपीएल दोनों टीमों की नजर अपनी कमजोरियों में सुधार करने पर

# कोलकाता-राजस्थान आज आमने-सामने

**एजेंसी, गुवाहाटी**

अपने शुरुआती मैचों में पराजय का स्वाद चखने वाली गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को जब एक-दूसरे का सामना करेंगी, तो उनका लक्ष्य अपनी कमजोरयों को जल्द से जल्द दूर करना होगा। नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जहां रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) से सात विकेट से हार का सामने करना पड़ा, वहीं राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद से 44 रन की करारी हार झेलनी पड़ी।



इन दोनों मैच में नाइट राइडर्स और राजस्थान की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में आक्रामकता दिखाने में असफल रही। सुनील नारायण को छोड़कर नाइट राइडर्स का कोई भी गेंदबाज आरसीबी के बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाया। इस मैच से पहले अच्छी फॉर्म में चल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाना उसके लिए चिंता का विषय होगा। ईडन गार्डंस की पिच पर फिल साल्ट और विराट कोहली ने चक्रवर्ती के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। नाइट राइडर्स की टीम को उम्मीद होगी कि यह स्पिनर गुवाहाटी में वापसी करने में सफल रहेगा। नाइट राइडर्स की निगाह एनरिक नोर्किया की फिटनेस पर भी टिकी रहेंगी जो पीठ की जकड़न से उबर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका का यह तेज गेंदबाज अगर फिट घोषित होता है तो उन्हें स्पेंसर जॉनसन की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।

पिछले मैच में कप्तान अजिंक्य रहाणे और नारायण के आउट होने के बाद नाइट राइडर्स का मध्यक्रम बिखर गया था। वेंकटेंश अय्यर और आंद्रे रसेल गलत शॉट खेलकर आउट हुए। टीम प्रबंधन को अब उम्मीद रहेगी कि वह शॉट चयन में सतर्कता बरतेंगे। नाइट राइडर्स को इसके अलावा रिंकू सिंह से भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद रहेगी। इस आक्रामक बल्लेबाज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछली पांच पारियों में 11, 9, 8, 30, 9 रन ही बनाए। आईपीएल के पहले मैच में भी वह केवल 12 रन बना पाए थे।

राजस्थान की टीम को अगर वापसी करनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके मुख्य तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन लुटाए, जबकि फजल हक फारूकी और महेश थीक्षाना भी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाए थे। इन सभी के पास गुवाहाटी में वापसी करने का मौका रहेगा। राजस्थान के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग की भी यहां परीक्षा होगी क्योंकि पहले मैच में वह कुछ फैसले करते हुए असमंजस की स्थिति में दिखे।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिटी सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारखंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती, चेतन सकारिया।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (अस्थायी कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

## गुजरात के शुरुआती झटकों से उबरा पंजाब किंग्स बड़े स्कोर की ओर



**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल-18 का 5वां मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। पंजाब ने 10 ओवर में 4 विकेट पर 105 रन बना लिए थे। प्रियांश आर्या ने 23 गेंदों में 47 रन, प्रभसिमरन सिंह 8 गेंदों में 5 रन और अजमतुल्लाह ओमरजई 15 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद बैटिंग करने आए ग्लेन मैक्सवेल साई किशोर की पहली ही गेंद पर चलते बने। कगिसो रबाडा और राशिद खान ने 1-1 और साई किशोर ने दो विकेट झटके। समाचार लिखे जाने तक श्रेयस अय्यर (30) और मार्कस स्टोनिस (1) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।

## बैटिंग-ऑलराउंडर थे दिल्ली के स्पिनर विपराज : कोच नवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत में आशुतोष शर्मा के अलावा एक और नाम उभरा है, विपराज निगम का। स्पिनर के तौर पर खेल रहे विपराज ने 15 गेंदों 39 रन बनाकर सभी को चौंका दिया, लेकिन विपराज के लिए ये कोई चौंकाने वाली पारी थी ही नहीं। उनके कोच सरवर नवाब ने बताया कि विपराज पहले बैटिंग ऑलराउंडर ही थे, लेकिन बल्लेबाज के तौर पर अंडर-16 में उनका चयन नहीं हुआ था। अंडर-19 में उन्हें लेग स्पिनर के तौर पर यूपी टीम के लिए चुना गया। इसके बाद नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उनके गेंदबाजी के हुनर को पहचाना और कोचिंग दी।

विपराज दिल्ली की पारी के दौरान जब नंबर-8 पर बल्लेबाजी करने उतरे, तो टीम का स्कोर 113/6 था। उन्होंने तेजी से बल्लेबाजी की और महज 15 गेंद पर 39 रन की पारी खेल दी। विपराज ने मैच में 1 विकेट भी लिया।

## नितिन मेनन आईसीसी एलीट पैनल के बने रहेंगे अंपायर

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के अलाउद्दीन पालेकर और इंग्लैंड के एलेक्स व्हार्फ को आईसीसी अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल किया, जिसमें नितिन मेनन एकमात्र भारतीय हैं। भारत के जयरामन मदनगोपाल को इमर्जिंग पैनल में पदोन्नत किया गया है। मेनन अंपायरों के एलीट पैनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पालेकर और व्हार्फ एलीट पैनल में माइकल गॉफ और जोएल विल्सन की जगह लेंगे। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार 50 वर्षीय मदनगोपाल को इमर्जिंग पैनल में पदोन्नत किया गया है। यह उन्हें विदेशी टेस्ट और वनडे मैचों में अंपायरिंग करने के योग्य बनाता है। तमिलनाडु के पूर्व खिलाड़ी मदनगोपाल ने अब तक एक टेस्ट, 22 वनडे और 42 टी20 अंतरराष्ट्रीय में अंपायरिंग की है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर पालेकर ने पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार टेस्ट, 23 वनडे और 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय के साथ 17 महिला अंतरराष्ट्रीय मैचों में मैदान पर अंपायरिंग की है।

## चोटिल खिलाड़ियों की वापसी तक हमें अन्य विकल्पों से ही काम चलाना होगा : क्लूसनर

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों की वापसी से पहले वैकल्पिक खिलाड़ियों से काम चलाने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है। लखनऊ की टीम को आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा क्योंकि उसके कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए।



लखनऊ के गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत करने के बावजूद 209 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। इस मैच में ओस ने भी अपनी भूमिका निभाई।

क्लूसनर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''अभी हमारे पास गेंदबाजी में बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं। जब तक हमारे खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी नहीं करते हैं तब तक हमें अपने वैकल्पिक खिलाड़ियों से ही काम चलाना होगा।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन यही इस खेल की प्रकृति है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले अगले मैच में हमारे बल्लेबाजों को इस मैच की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### श्रीलंका : मैच फिक्सिंग मामले में भारतीयों को 4 साल की सुनाई सजा

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक को क्रिकेट मैच फिक्सिंग के 2024 के एक मामले में मंगलवार को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। योगी पटेल पर कैंडी में खेले गए लीजेंड्स लीग टी20 टूर्नामेंट में मैच फिक्स करने की पेशकश के आरोप लगे थे। उस पर श्रीलंका की चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा की शिकायत के आधार पर आरोप लगाए गए थे। पटेल पर अदालत द्वारा यात्रा प्रतिबंध के बावजूद देश से भाग जाने के कारण उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया था। उसे पिछले साल मार्च में गिरफ्तार किया गया था और बाद में कड़ी शर्तों के तहत मई में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। श्रीलंका ने 2019 में खेल संबंधी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम को अपनाया, जिसमें 10 साल तक की जेल की सजा और 5,50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है।

### नेसलीहान का खूबसूरत अंदाज

**तुर्की।** तुर्की की वॉलीबॉल खिलाड़ी नेसलीहान डेमिर डार्नेल अपनी बेहतरीन जम्प सर्व, शक्तिशाली हमलों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह एक वैश्विक वॉलीबॉल स्टार बन गई।




## मेरी कप्तानी में ऐसा ही होगा, आदत बना लो : अक्षर पटेल



**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली एक विकेट की रोमांचक जीत के बाद कहा कि इसे आदत बना लो क्योंकि मेरी कप्तानी में ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा, ''मेरे फैसले लेने की प्रक्रिया भी कुछ इसी तरह की है, इसलिए कुछ भी हो सकता है। कभी-कभी प्रशंसकों को गुस्सा भी होगा। अभी हम जीत गए हैं, इसलिए कोई कुछ नहीं कहेगा।'' अक्षर ने कहा, ''आईपीएल में हमने बहुत कुछ देखा है, पर अब क्रिकेट बदल रहा है। इसलिए आपको बस क्रीज पर रहना और कोशिश करनी है।'' लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा, ''हमने अच्छा स्कोर खड़ा किया था। हम इस हार से सीखेंगे और सुधार करने का प्रयास करेंगे। यह कहना आसान है कि कहां गलती हुई। उनके लिए ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। एक और खिलाड़ी विप्रज निगम ने मिलकर मैच दिल्ली के पक्ष में कर दिया।''

## इंग्लैंड की विश्व कप क्वालीफायर में लगातार दूसरी जीत

**एजेंसी, लंदन**



रीस जेम्स ने फ्री किक पर खूबसूरत गोल किया, जबकि एबेरेची एजे ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दागा जिससे इंग्लैंड ने सोमवार को वेम्बली स्टेडियम में लाटविया को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफायर में लगातार दूसरी जीत हासिल की। जेम्स ने पिछले ढाई वर्ष में पहली बार शुरुआती एकादश में जगह बनाई तथा 37वें मिनट में 25 मीटर की दूरी से फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया। यह इंग्लैंड की तरफ से 18 मैच में उनका पहला गोल है।

दिग्गज खिलाड़ी हैरी केन ने युवा मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स और डेक्लान राइस के सहयोग से 68वें मिनट में इंग्लैंड की बढ़त दोगुनी की, जबकि एजे ने 76वें मिनट में तीसरा गोल किया। विश्व कप क्वालीफायर के अपने पहले मैच में अल्बानिया को 2-0 से पराजित करने वाले इंग्लैंड को ग्रुप के में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अल्बानिया ने अंडोरा को 3-0 से हराकर शानदार वापसी की। उसकी तरफ से रे मनाज ने पहले हाफ में दो गोल किए जबकि मायर्टो उजुनी ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया।

पोलैंड ने ग्रुप जी में माल्टा के खिलाफ करोल स्विडरस्की के दो गोल की बदौलत लगातार दूसरी जीत हासिल की लेकिन फिनलैंड को दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद लिथुआनिया से मैच 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। ग्रुप जी में पोलैंड छह अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि फिनलैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप एच में बोस्निया हर्जेगोविना ने घरेलू मैदान पर साइप्रस को 2-1 से हराया, जबकि रोमानिया ने सैन मैरिनो को 5-1 से करारी शिकस्त देकर अपना खाता खोला।

## खुद को **इंपैक्ट प्लेयर** नहीं मानते हैं महेंद्र सिंह धोनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब इंपैक्ट प्लेयर नियम को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे, लेकिन अब वह इसे टी20 क्रिकेट के विकास के एक हिस्से के रूप में देखते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का यह 43 वर्षीय करिश्माई क्रिकेटर, हालांकि खुद को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं क्योंकि वह अब भी अपनी टीम के पहली पसंद के विकेटकीपर हैं।



धोनी ने कहा, ''जब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है। कुछ हद तक इसने मेरी मदद की और नहीं भी की। मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं इसलिए मैं इंपैक्ट प्लेयर नहीं हूं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि खिलाड़ियों की सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है।'' इस नियम की भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों ने आलोचना की है। इन दोनों का मानना है कि इससे ऑल राउंडर प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि टीम इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका के लिए आक्रामक बल्लेबाजों को चुन रही हैं। धोनी ने कहा कि इस नियम से टीमों को कड़ी परिस्थितियों में एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं। यह मानसिकता से जुड़ा है। टीमों के पास अब एक अतिरिक्त बल्लेबाज की सुविधा है, इसलिए वे अधिक आक्रामक तरीके से खेलते हैं।'' धोनी ने कहा, ''ऐसा नहीं है कि सभी चार या पांच अतिरिक्त बल्लेबाजों का उपयोग किया जा रहा है, यह सिर्फ उस बल्लेबाज के होने से मिला आत्मविश्वास है। टी20 क्रिकेट इसी तरह विकसित हुआ है।''

## पूरा साल मैंने **मैच फिनिश** करने पर ध्यान किया केंद्रित : आशुतोष

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ एक विकेट की चमत्कारिक जीत दिलाने वाले आशुतोष शर्मा ने कहा कि उन्होंने पूरे साल मैच को 'फिनिश' करने पर ध्यान केंद्रित किया जिसका उन्हें यहां फायदा मिला। आशुतोष ने पिछले साल पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए मैच फिनिशर की अपनी भूमिका से प्रभावित किया था लेकिन तब वह अपने प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे। घरेलू क्रिकेट में रेलवे की तरफ से खेलने वाले 26 वर्षीय बल्लेबाज आशुतोष सोमवार को खेली गई अपनी नाबाद 66 रन की पारी से खुश दिखे।



दिल्ली की टीम 210 रन के लक्ष्य के सामने एक समय छह विकेट पर 113 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी, लेकिन आशुतोष ने विपराज निगम के साथ मिलकर उसे रोमांचक जीत दिलाई। आशुतोष इंपैक्ट प्लेयर के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। आशुतोष ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पिछले सत्र में मैं कुछ अवसरों पर मैच का सकारात्मक अंत करने से चूक गया था। मैंने पूरे साल इस पर ध्यान केंद्रित किया और इसकी कल्पना भी करता रहा। मुझे पूरा भरोसा था कि अगर मैं आखिरी ओवर तक टिका रहा तो फिर कुछ भी हो सकता है।''

उन्होंने कहा, ''विपराज ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। मैंने उसे शॉट मारते रहने की सलाह दी। वह दबाव में शांत बना रहा। मैं अपनी इस पारी को मेरे गुरु शिखर (धवन) पाजी को समर्पित करता हूं।'' आशुतोष ने कहा, ''पिछला साल मेरे लिए वास्तव में अच्छा था लेकिन अब वह अतीत की बात है। मैं वहां से सकारात्मक चीजों को लेकर आगे बढ़ा और मेरी जो भी कमजोरी थी उन पर मैंने काम किया। मैंने घरेलू क्रिकेट में जो कुछ किया उन्हीं को यहां अपने खेल में लागू कर रहा हूं।''

## दिली इच्छा विश्व क्रिकेट में अपनी खास पहचान बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स बोले-

# अगर मेरे पास दुनिया का सारा पैसा होता तो मैं पायलट बनना पसंद करता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और मुश्किल कैच लपकने के कारण विश्व क्रिकेट में अपनी खास पहचान बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स का कहना है कि अगर उनके पास दुनिया का सारा पैसा होता तो वह क्रिकेटर के बजाय पायलट बनना पसंद करते।

फिलिप्स को उड़ान भरना जुनून की हद तक पसंद है और जब उन्हें इसके बारे में पूछा गया तो आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेल रहे इस ऑलराउंडर ने पीटीआई से कहा, ''यह मेरा बहुत बड़ा जुनून है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया का सारा पैसा होता, तो ईमानदारी से कहूं तो शायद मैं एक पायलट बन गया होता। मुझे हवा में तैरना पसंद है।'' दक्षिण अफ्रीका में जन्मा यह 28 वर्षीय क्रिकेटर न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में खेलता है। वह दो सीट वाला सेसना 152 विमान उड़ा चुके हैं, लेकिन क्रिकेट में व्यस्त होने के कारण वह अपने इस शौक को पूरा नहीं कर पाते हैं।



फिलिप्स को विश्व क्रिकेट में सबसे चपल क्षेत्ररक्षक माना जाता है। हाल में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने हवा में लहराते हुए मुश्किल कैच लेने की अपनी अद्भुत क्षमता का शानदार परिचय दिया था। उन्होंने इसी तरह से विराट कोहली का कैच लेकर भारतीय बल्लेबाज को हतप्रभ कर दिया था। फिलिप्स ने इस बारे में कहा, ''मुझे लगता है कि इसमें निश्चित रूप से एक बड़ा हिस्सा है जो गति और चपलता के नजरिए से आनुवंशिकी पर निर्भर करता है। इसलिए, मुझे लगता है कि आप कह सकते हैं कि यह थोड़ा हद तक मेरी नैसर्गिक प्रतिभा से जुड़ा है लेकिन आखिर में आप अपने कौशल और प्रतिभा के दम पर ही आगे बढ़ते हैं।''

### मार्कस स्टोइनिस का कैच सबसे महत्वपूर्ण

**उन्होंने** कहा, ''इसका दूसरा पहलू मेरी कड़ी मेहनत और अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना है, इसलिए अगर मैं कैच छोड़ता हूं तो इसका मतलब यह नहीं है कि मैंने अपनी तरफ से प्रयास नहीं किया।'' अपने सर्वश्रेष्ठ कैच के बारे में पूछे जाने पर फिलिप्स ने कहा, ''मैं शायद टी20 विश्व कप (2022) में सिडनी में मार्कस स्टोइनिस के कैच को सबसे ऊपर रखूंगा। वह काफी अच्छा कैच था। मैं मैदान के बड़े हिस्से को कवर करके गोता लगाकर वह कैच लिया था।''